ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 10 जून 2024
वर्ष 5, अंक 204, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पाकिस्तान के गेंदबाजों के आगे भारत पस्त 11

खूबसूरती को स्वाभाविक तरीके से देखती हैं करीना 12

OUR TOP PERFORMERS IN JEE ADVANCED - 2024

KSHITIJ BAJPAI
Vipul Govil Sir, Geeta Bajpai (Mother), Kshitij Bajpai, Veeresh Bajpai (Father) with Santosh Verma Sir & Vishal Varshney Sir

JEE ADV. AIR **4053** (GEN.)
JEE MAIN PERCENTILE **99.86**
(Student of 2 Yr. Foundation Course)

KESHAV GUPTA
Dr. K.L. Gupta (Father), Pooja Gupta (Mother), Keshav Gupta with Santosh Verma Sir & Vishal Varshney Sir

JEE ADV. AIR **6076** (GEN.)
JEE MAIN PERCENTILE **99.59**
(Student of 2 Yr. Foundation Course)

VAISHNAVI SAXENA
Vishal Varshney Sir, Megha Saxena (Mother), Vaishnavi Saxena, Nitin Saxena (Father) with Santosh Verma Sir & Vipul Govil Sir

JEE ADV. AIR **8216** (GEN.)
JEE MAIN PERCENTILE **99.30**
(Student of 2 Yr. Foundation Course)

VARUN AGARWAL
Vipul Govil Sir, Santosh Verma Sir, Keshav Agarwal (Father), Varun Agarwal, Kavita Agarwal (Mother) with Vishal Varshney Sir

JEE ADV. AIR **9015** (GEN.)
JEE MAIN PERCENTILE **99.28**
(Student of 2 Yr. Foundation Course)

Learn from the Expert Faculty of MEDIIT

PHYSICS BY
VISHAL VARSHNEY SIR
(B.Tech. IIT Kanpur)

CHEMISTRY BY
VIPUL GOVIL SIR
(B.Tech. IIT Dhanbad)

MATHS BY
SANTOSH VERMA SIR
(B.Tech. IIT BHU)

BIOLOGY BY
OMENDRA YADAV SIR
(M.Sc.)

OUR TOP PERFORMERS IN NEET - 2024

SUHANI VARSHNEY
Vipul Govil Sir, Dr. Monika Varshney (Mother), Suhani Varshney, Omendra Yadav Sir, Vaidik Varshney (Brother), Vishal Varshney Sir.

NEET MARKS **686/720**
NEET RANK **2907** (GEN.)
(Student of 1 Yr. Target Course)

UTKARSH GUPTA
Vipul Govil Sir, Mr. Satish Chandra Gupta (Grand Father), Utkarsh Gupta, Mrs. Deepti Gupta (Mother), Omendra Yadav Sir, Vishal Varshney Sir.

NEET MARKS **676/720**
NEET RANK **4857** (GEN.)
(Student of 2 Yr. Foundation Course)

SAAYAM SINGH
Vipul Govil Sir, Mr. Ram Singh (Father), Saayam Singh, Omendra Yadav Sir, Vishal Varshney Sir.

NEET MARKS **667/720**
NEET RANK **6995** (GEN.)
(Student of 2 Yr. Foundation Course)

ANJALI GANGWAR
Vipul Govil Sir, Dr. Jai Prakash (Father), Anjali Gangwar, Mrs. Lajja Gangwar (Mother), Omendra Yadav Sir, Vishal Varshney Sir.

NEET MARKS **653/720**
NEET RANK **12017** (OBC-NCL)
(Student of 1 Yr. Target Course)

PANKHURI MATHURIA
Vishal Varshney Sir, Mr. Salil Mathuria (Father), Pankhuri Mathuria, Mrs. Reena Mathuria (Mother), Vipul Govil Sir, Omendra Yadav Sir.

NEET MARKS **649/720**
NEET RANK **12122** (GEN.)
(Student of 1 Yr. Target Course)

ADMISSION OPEN

1 Year Target Course
for (12th pass students)

: towards :
Engineering Entrance Exams
(IIT-JEE MAIN / ADVANCED)
& Medical Entrance Exam (NEET)

MEDIIT
EDUCATIONAL INSTITUTE

149, Janakpuri, Bareilly Mob. 9639011515, 9639011516
www.mediitbareilly.com

एक नजर

भंडारा करने आए ग्रामीण से मारपीट

दियोरियाकलां। भंडारा करने के लिए बरखेड़ा चतुरहा के देवस्थान पर गए ग्रामीण से झूला संचालक व उसके साथियों ने मारपीट की। बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव लखनऊ कलां के रहने वाले राजपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दियोरिया थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा चतुरहा में सूखा नाथ शिव मंदिर पर भंडारा करने आए थे। वहां पर बरखेड़ा चतुरहा के झूला संचालक सुखलाल, सचिन, सुखलाल ने गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। शोर पर जमा हुए लोगों ने बीच बचाव कराया। उसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग गए। कोतवाल उमेश सोलंकी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

पिता-पुत्र को घर में घुसकर पीटा

घुंघचिहाई। मेड़ काटने का विरोध करने पर एक युवक की पिटाई कर दी गई। इतना ही नहीं बचाने आए उसके पिता पर आरोपियों ने फावड़े से वार कर दिए। मामला ग्राम पुन्नापुर टांडा का है। विवेक ने बताया आठ जून को गांव के श्यामाचरण, लक्ष्मीकांत, अंकित, लज्जावती से खेत की मेड़ काटने को लेकर विवाद हो गया था। इसी के चलते आरोपी लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। पिता बचाने आए तो उनको भी पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गर्मी से इंसान नहीं जानवर भी बेहाल, नहर में लगा रहे छलांग तो कोई फब्बारे से बुझा रहा प्यास

कई दिनों से 42 डिग्री के आसपास चल रहा तापमान, शनिवार को बढ़कर 43 डिग्री सेल्सियस हो गया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : मई से पड़ रही भीषण गर्मी से इंसान ही नहीं पशु, पक्षी सब बेहाल हैं। तापमान सुबह से ही अपने चरम पर पहुंच जाता है। उसके बाद गर्म हवा के थपेड़े कसर पूरी कर रहे हैं। गर्मी की वजह से दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। वहीं, गर्मी और लू से जानवर भी बेहाल हैं। ऐसे में जानवर भी जंगल से निकलकर नहर में छलांग लगाकर नहा रहे हैं, तो कहीं बंदर फब्बारे के पानी से अपनी प्यास को बुझाते हुए मिले। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अभी लोगों को गर्मी से राहत मिलने के आसार भी नहीं दिख रहे हैं। हालांकि की रात में कभी कधार मौसम की नमी से लोगों को कुछ राहत रहती है।

भीषण गर्मी में लोगों को दिन काटना मुश्किल हो रहा है। तपन व तेज धूप से घरों की छत पर रखी पानी टंकियों में पानी गर्म हो जाता है। दोपहर में आसमान से बरसने जैसे महसूस होता है। ऐसे में लोग घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग की माने तो अगले एक-दो दिनों में गर्मी और तल्ख होगी। भीषण गर्मी से हर वर्ग हलकान हैं। मजदूर से लेकर कारोबारी तक तीखी धूप व गर्म हवा का कहर झेल रहे हैं। शहर से लेकर गांव तक के बाजारों व सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा पसर जाता है। सड़क पर वाहनों की रफ्तार भी धीमी पड़ जा रही है। जरूरी काम से ही लोग बाहर निकल रहे हैं। दोपहर में 12 बजे के बाद घर से निकलना लोगों के लिए दुश्वार हो गया है। गर्म हवा के थपेड़ों से होठ भी सूखने लगते हैं।

गांधी स्टेडियम में स्विमिंग करते बच्चे। ● अमृत विचार

गर्मी से बचने के लिए पत्तों की मदद से खुद को धूप से बचाने का प्रयास करती गिलहरी।

- **तेज धूप के चलते सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा, बाजार में भी नहीं दिख रही चहल पहल**

कलेक्ट्रेट स्थित एक पार्क में लगे फुब्बारे के पानी से नहाते बंदर।

वहीं कई लोग धूप में चक्कर खाकर गिर रहे हैं। शहर के अलावा जंगलों में रहने वाले जानवर और पशु पक्षी भी बेहाल है। गर्मी से परेशान होकर तालाबों और नहर की ओर रुख कर रहे हैं। ताकि उन्हें सूखन मिल सके। दो दिन पूर्व माधोटांडा रोड पर जंगल से बाहर आए एक बाघ ने नहर में छलांग लगा दी। उसके बाद काफी देर तक वह नहर में नहाता रहा। जिससे कई लोगों ने अपने मोबाइल कैद भी किया। जोकि अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। इसके अलावा कलेक्ट्रेट में डीएम कार्यालय के सामने बने पार्क में कुछ बंदर गर्मी से निजात पाने के लिए वहां बनाए गए फुब्बारे में नहाते हुए दिखाई दिए।

वहीं घरों में रहने वाली गिलहरी भी पत्तों के सहारे खुद को धूप से बचाती हुई नजर आई। इसी तरह पेड़ों पर रहने वाले पक्षी भी अपने गर्मी से बचने के लिए ठंडी जगह की तलाश करने में लगे रहते है। स्कूलों की छुट्टी होने पर बच्चे भी इन दिनों गर्मी से बचने के लिए स्वीमिंग पुलों में मौज मस्ती कर गर्मी से राहत पा रहे हैं।

गैंगरेप के आरोपियों से परेशान परिवार पलायन को मजबूर

संवाददाता, बिलसंडा

अमृत विचारः सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से घबराया परिवार पलायन को मजबूर है। आरोपियों की ओर से लगातार मिल रही धमकियों की शिकायत करने के बाद भी गिरफ्तारी न होने पर अब परिवार ने अपने मकान को बिक्री करने का फ्लैक्स मकान के बाहर की तरफ टांग दिया है।जिसमें साफ लिखा है कि वह दबंगों से परेशान है और शिकायत के बाद भी शासन प्रशासन से मदद नहीं मिल रही है।

थाना क्षेत्र की एक 14 वर्षीय किशोरी सिंचाई करने गई थी। आरोप है कि पड़ोस में ही रहने वाले तीन युवकों ने उसे पकड़ लिया और सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस को तहरीर दी गई लेकिन पुलिस टाल गई। फिर एसपी के आदेश पर बमुश्किल रिपोर्ट दर्ज की जा सकी। मगर पखवाड़ा भर बीतने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। पीड़ित परिवार की मानें तो आरोपी सुलह का दबाव बनाते हुए लगातार धमकी दे रहे हैं।इसकी भी पुलिस से शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब रविवार को मामले में उस वक्त नया मोड़ आ गया, जब परिवार की ओर से मकान के बाहर फ्लैक्स टांग दिया गया। जिसमें यह लिखा था कि दबंगो से परेशान होकर वह अपना मकान बेचने को मजबूर हैं। शासन प्रशासन से मदद मांगी गई लेकिन मदद नहीं की गई। फिलहाल पुलिस फ्लैक्स लगा होने को लेकर अनभिज्ञता जता रही है। मामला पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा।

मकान के बाहर लगाया गया फ्लैक्स।

- **मकान पर लगाए फ्लैक्स पर लिखा- दबंगों से परेशान, नहीं मिल रही किसी तरह की मदद**

> पीड़ित परिवार की ओर से पलायन या फिर मकान बेचने के संबंध में कोई फ्लैक्सी लगाई है।इसके बारे में जानकारी नहीं है।इसे दिखवाया जाएगा। घटना की आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है।विवेचना की जा रही है, निष्पक्ष कार्रवाई होगी।
> – **अजय कुमार**, इंस्पेक्टर बिलसंडा

एक दशक पूरा..धूमधाम से मनाया पीटीआर का स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः जनपद में रविवार का दिन ग्रीन सोल्जर्स के नाम रहा। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का एक दशक पूरा होने पर दसवां स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह में जन-जागरण रैली निकाल लोगों को वन एवं वन्यजीवों के प्रति जागरूक किया गया। वहीं, निशुल्क बस सेवा के जरिए लोगों को पीटीआर की सैर भी कराई गई। समारोह में अपर मुख्य सचिव समेत वन अफसरों ने शिरकत की। स्थानीय अफसरों ने दस साल के सफरनामे की उपलब्धियां गिनाई।

शहर के एक होटल में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में कार्यवाहक फील्ड डायरेक्टर एवं डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह, पीसीसीएफ सुधीर कुमार शर्मा, एसपी अविनाश पांडेय ने किया। पीसीसीएफ वन्यजीव संजय श्रीवास्तव आदि ने वन महकमे की ओर से लगाई गई फोटो प्रदर्शनी, सोबेनियर शॉप और रेस्क्यू में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों के लगे स्टॉल का अवलोकन किया। पीटीआर के कार्यवाहक फील्ड डायरेक्टर एवं सीसीएफ बरेली जोन विजय सिंह ने पीटीआर की दस वर्ष की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। एसपी अविनाश पांडेय ने मानव-वन्यजीव संघर्ष में पुलिस की भूमिका पर प्रकाश डाला। पीसीसीएफ सुधीर कुमार शर्मा, विश्व प्रकृति निधि के वरिष्ठ निदेशक डॉ. दीपांकर घोष आदि पीलीभीत के जंगल के इतिहास और यहां की खासियत से सभी को रूबरू कराया। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के डीएफओ एके सिंह, दुधवा टाइगर रिजर्व बफर जोन के डीएफओ सौरिष्ट सहाय, डीएफओ बरेली दीक्षा भंडारी, डीएफओ रानीपुर टाइगर रिजर्व, उप प्रभागीय वनाधिकारी पीटीआर रमेश चौहान, उप प्रभागीय वनाधिकारी वन एवं वन्यजीव प्रभाग अंजनी श्रीवास्तव, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार, पीटीआर के पशु चिकित्सक डॉ. दक्ष गंगवार, डब्ल्यूटीआई की प्राजंलि भुजबल समेत पीटीआर और वन एवं वन्यजीव प्रभाग के सभी रेंजर, डिप्टी रेंजर समेत वनकर्मी व कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा। संचालन डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने किया। समारोह स्थल से जन-जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें 18 जिप्सी वाहन शामिल रहे। रैली समारोह स्थल से शुरू होकर असम चौराहा, नौगवा चौराहा, छतरी चौराहा, पीटीआर डिवीजन कार्यालय होते हुए बनकटी रोड से मुस्तफाबाद पहुंचकर संपन्न हो गई। रैली के दौरान लोगों को वन एवं वन्यजीव के प्रति जागरुक किया गया। साथ ही वाइल्डलाइफ फोटोजर्नलिस्ट बिलाल खान की देश के 54 टाइगर रिजर्व पर आधारित हिंदी वन्यजीव पुस्तक सफरनामा भाग तीन का अपर मुख्य सचिव वन मनोज सिंह, पीसीसीएफ सुधीर कुमार शर्मा, पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ संजय श्रीवास्तव, पीसीसीएफ टाइगर प्रोजेक्ट सुनील चौधरी ने विमोचन किया।

कार्यक्रम के दौरान बिलाल खान की सफरनामा भाग तीन का विमोचन करते वन अफसर। ● अमृत विचार

समारोह में लगा स्टॉल देखते अपर मुख्य सचिव समेत अन्य वन अफसर।

- **अपर मुख्य सचिव समेत कई वरिष्ठ वन अफसरों ने की शिरकत, गिनाई उपलब्धियां**
- **वन अफसरों ने समारोह के दौरान आगामी कार्ययोजना से भी कराया रूबरू**
- **सुरक्षा व गश्त को डब्ल्यूडब्ल्यू की ओर से दिए गए नौ वाहन और 150 ट्रेप कैमरे**

समारोह को संबोधित करते अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह।

बेहतर कार्य करने वाले हुए सम्मानित

समारोह के दौरान बेहतर कार्य करने वालों को अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इसमें पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार, पीटीआर के पशु चिकित्सक डॉ. दक्ष गंगवार, बाघ मित्र शत्रुघन, राजीव कुशवाहा, अतुल सिंह, वॉचर राजू श्रीवास्तव, सलीम समेत कई अन्य वॉचरों को बाघ प्रहरी सम्मान से सम्मानित किया गया।

बसों से चूका की कराई निशुल्क सैर

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पीटीआर की ओर से बेनहर पब्लिक स्कूल के सहयोग से दो बसों के माध्यम से लोगों को रविवार को चूका की मुफ्त सैर कराई गई। इसमें एक बस शहर के गांधी स्टेडियम, दूसरी बस पीटीआर डिवीजन कार्यालय से रवाना की गई। बसों के माध्यम से करीब 200 लोगों ने चूका बीच पहुंचकर प्रकृति को करीब से देखा और वन्यजीवों के दीदार किए।

समारोह में मानव-वन्यजीवों की सुरक्षा भी रखा ध्यान

समारोह के दौरान वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा एवं गश्त आदि के लिए पीटीआर समेत अन्य टाइगर रिजर्वों को चौपहिया वाहन सौंपे गए। इसमें पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं रानीपुर टाइगर रिजर्व को दो-दो वाहन, वन एवं वन्यजीव प्रभाग पीलीभीत को एक, दुधवा टाइगर रिजर्व को चार वाहन सौंपे गए। इसके अलावा 150 ट्रेप कैमरे भी दिए गए। इसमें पीलीभीत टाइगर रिजर्व, दुधवा टाइगर रिजर्व एवं रानीपुर टाइगर रिजर्व को 50-50 ट्रेप कैमरे दिए गए।

खुराफातियों ने बंडा मार्ग किनारे पौधों में लगाई आग

जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

- **शिकायत मिलने पर रविवार को जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार**

अमृत विचारः पूरनपुर-बंडा मार्ग किनारे लगे दर्जनों पौधों में आग लगा दी गई। इसकी शिकायत पर नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जांच की और लेखपाल से रिपोर्ट मांगी है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए टीम जुटी है।

पर्यावरण दिवस को बीते अभी चार दिन हुए हैं। इधर, सरोवर में लगे दर्जनों पौधे फूंक दिए गए। पूरनपुर बंडा मार्ग किनारे त्रिवेदी घाट के पास सरोवर है। यह सरोवर सूखा पड़ा है। वर्ष 2020-22 में इस सरोवर में अमरूद, जामुन आदि के सैकड़ों पौधे लगाए गए थे। रविवार को अज्ञात व्यक्ति ने सड़क किनारे लगे पौधों में आग लगा दी। तेज हवा के चलने से आसपास के फलदार पेड़ों तक आग पहुंच गए और वह चपेट में आ गए। घाटमपुर के रहने वाले लक्ष्मण प्रसाद वर्मा ने मामले की शिकायत अधिकारियों से की। इस पर रविवार को नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की। बताते हैं कि करीब डेढ़ साल पहले यह पौधे लगाए गए थे। साजिश के तहत पौधे जलाए गए हैं। नायब तहसीलदार ने बताया कि मौके पर जाकर स्थिति देखी गई है। कई पौधे जले हैं। इसकी रिपोर्ट लेखपाल से मांगी गई है। शिकायत मिली है कि जानबूझकर आग लगाई गई है। ऐसे में जांच की जा रही है।

विदेशी नागरिकों की मदद से बैंक के धन का दुरुपयोग

संवाददाता, पूरनपुर

- **एसबीआई के मुख्य प्रबंधक ने दर्ज कराई दो लोगों पर एफआईआर**

अमृत विचारः कस्बे के रहने वाले दो लोगों ने बैंक के दो ग्राहकों के खातों का दुरुपयोग करते हुए विदेशी नागरिकों की मदद से बैंक के रुपये का हेर फेर कर दिया। प्रबंधक की ओर से दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के मुख्य प्रबंधक मोहम्मद सलमान की ओर से पूरनपुर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया गया है कि कस्बे के रहने वाले अली खान पुत्र अब्दुल मदीन खान और दानिश खान पुत्र चुम्मन खान ने बैंक के दो लोगों के खाते से गझबड़झाला करते हुए डेबिट कार्ड बना लिए। फर्जी डेबिट कार्ड बनाने के लिए उन्होंने मोबाइल ऐप का उपयोग किया। इसके बाद डेबिट कार्ड के माध्यम से विदेश में बैठे कुछ लोगों के साथ उन्होंने लेनदेन करने के साथ ही बैंक की डिटेल भी साझा की। प्रबंधक का आरोप है कि दोनों ने कुछ विदेशी लोगों के साथ मिलकर बैंक के 20 लाख 39 हजार 816 रुपये का दुरुपयोग किया। विदेशी लोगों के साथ सोशल मीडिया के माध्यम चेटिंग की गई। इसके कई साक्ष्य भी होना बताया। पुलिस ने बैंक प्रबंधक की ओर से अली खान और दानिश खान के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 10 जून 2024
वर्ष 5, अंक 204, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मोदी ने रचा इतिहास

तीसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ, शाह राजनाथ, गडकरी, जेपी नड्डा भी बने मंत्री

लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के पंडित नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की

मोदी की नई कैबिनेट

1. राजनाथ सिंह
2. अमित शाह
3. नितिन गडकरी
4. जेपी नड्डा
5. शिवराज सिंह चौहान
6. निर्मलासीतारमण
7. सुब्रह्मण्यम जयशंकर
8. मनोहर लाल खट्टर
9. एचडी कुमारस्वामी
10. पीयूष गोयल
11. धर्मेंद्र प्रधान
12. जीतन राम मांझी
13. राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह)
14. सर्बानंद सोनोवाल
15. डॉ वीरेंद्र कुमार
16. राममोहन नायडू
17. प्रह्लाद जोशी
18. जुएल ओरांव
19. गिरिराज सिंह
20. अश्वनी वैष्णव
21. ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया
22. भूपेंद्र यादव
23. गजेन्द्र सिंह शेखावत
24. अन्नपूर्णा देवी
25. किरेन रिजिजू
26. हरदीप सिंह पुरी
27. डॉ मनसुख मंडाविया
28. जी किशन रेड्डी
29. चिराग पासवान
30. सीआर पाटिल

शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए पड़ोसी देशों के सात नेता

नई दिल्ली। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ''प्रचंड'' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेता रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, उनके भूटानी समकक्ष शेरिंग टोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ भी राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में शामिल हुए। हसीना और अफीफ जहां शनिवार को दिल्ली पहुंचे, वहीं मुइज्जू, प्रचंड, विक्रमसिंघे, जगन्नाथ और टोबगे रविवार को पहुंचे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सात देशों के नेताओं को भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आमंत्रित किया गया।

3.0

विनम्र रहें और ईमानदारी व पारदर्शिता से समझौता न करें

मंत्रियों को मोदी का मंत्र

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को शपथ लेने वाले केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों को नसीहत दी कि उन्हें विनम्र रहना चाहिए, क्योंकि आम लोग यही पसंद करते हैं। साथ ही उन्हें ईमानदारी एवं पारदर्शिता से कभी कोई समझौता न करने की भी सलाह दी। शपथग्रहण के पूर्व नामित मंत्रियों से मुलाकात के दौरान मोदी ने कहा कि लोगों की उनसे काफी अपेक्षाएं हैं और सभी को इसे पूरा करना होगा। निवर्तमान मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ नेताओं और मंत्री पद की शपथ लेने वाले नए नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आपको जो भी काम सौंपा जाएगा, उसे ईमानदारी से करें और विनम्र रहें क्योंकि लोग उनसे प्यार करते हैं जो विनम्र होते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि वे सभी सांसदों को सम्मान और गरिमा दें चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, क्योंकि उनमें से सभी को लोगों ने चुना है। उन्होंने कहा कि मनोनीत मंत्रियों को हमेशा विनम्र होना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों का सम्मान भी करना चाहिए। उन्होंने चाय पर नेताओं के साथ चर्चा में कहा ... आप ईमानदारी और पारदर्शिता से समझौता नहीं कर सकते।

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार रविवार को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मोदी के साथ 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार मंत्रियों के साथ 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली।

ईश्वर के नाम पर शपथ लेने वाले 73 वर्षीय मोदी के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जो यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री निरंतरता और अनुभव पर जोर दे रहे हैं, क्योंकि शपथ लेने वाले ज्यादातर नेता उनके दूसरे कार्यकाल में भी महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पांच साल बाद कैबिनेट में लौटे हैं, जबकि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मोदी कैबिनेट में नए चेहरे हैं। भाजपा नेता पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

● 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली

ये सभी पहले राज्यसभा में थे, लेकिन अब लोकसभा के लिए चुने गए हैं। असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, अश्विनी वैष्णव, वीरेंद्र कुमार, प्रह्लाद जोशी, गिरिराज सिंह और जुएल उरांव ने भी मंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मोदी 2014 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 17वीं लोकसभा के चुनाव में भारी बहुमत से जीत के बाद वह लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। पंडित नेहरू 1947 में देश के आजाद होने के बाद से सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी मृत्यु 27 मई 1964 को हुई थी और वह उस समय भी देश के प्रधानमंत्री थे। साल 1952 में हुए पहले आम चुनाव में जीत के बाद वह पहली बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1957 और 1962 के आम चुनावों में भी कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नेहरू फिर देश के प्रधानमंत्री बने। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाई है। उसे 240 सीटें मिली हैं। हालांकि, भाजपा नेतृत्व वाले राजग ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। इसके बाद राजग की बैठक में मोदी को पिछले दिनों भाजपा और राजग संसदीय दल का नेता चुना गया था। नेता चुने जाने के बाद मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। शपथ लेने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अलावा जनता दल (सेक्युलर) के एच डी कुमारस्वामी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, जद (यू) के राजीव रंजन सिंह और रामनाथ ठाकुर, तेदेपा के रामामोहन रेड्डी, हम (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल सहित राजग के घटक दलों के कई प्रमुख नेता भी शामिल हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में देश और विदेश के कई शीर्ष नेता भी शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी इस मौके पर मौजूद थे, हालांकि कई विपक्षी नेता समारोह में शामिल नहीं हुए। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, तेदेपा अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और जद(यू) प्रमुख नीतीश कुमार भी मौजूद थे। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, रजनीकांत, उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने वालों में शामिल थे।

खनन माफिया ने सिपाही को ट्रैक्टर से कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- फर्रुखाबाद के थाना नवाबगंज के नगला चंदन में वारदात, बिजनौर का रहने वाला था रोहित
- मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में दर्ज की गई रिपोर्ट

अमृत विचार : थाना नवाबगंज में अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे सिपाही को खनन माफिया ने शनिवार देर रात ट्रैक्टर से कुचल दिया। शहर के एक नर्सिंग होम में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सिपाही मूलरूप से बिजनौर जिले का रहने वाला था।

मामले में ट्रैक्टर चालक और उसके दो साथियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। रविवार रात दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दबोच लिया है। दोनों के पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। थाना नवाबगंज में तैनात सिपाही रोहित (24) शनिवार रात्रि ड्यूटी पर था। शनिवार देर रात उसे ग्राम नगला चंदन में अवैध खनन की सूचना मिली, जिसपर एसआई सन्तोष फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। रोहित गाड़ी से निकल खनन कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ने का प्रयास करने लगा। इस पर खनन माफिया ने उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। साथी सिपाही रोहित को लेकर शहर के निजी अस्पताल पहुंचे वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर एसपी, एएसपी, सीओ अमृतपुर, सीओ कायमगंज सहित कई थानों की फोर्स नर्सिंग होम पहुंची।

सिपाही रोहित का शव पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन के शहीद स्मारक ले जाया गया, जहां जिलाधिकारी वीके सिंह और एसपी विकास कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी दी। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद सिपाही के परिजन शव को बिजनौर ले गए। घटना के बाद चंदन नगला से पहले एक जेसीबी से अवैध खनन करते हुए सुमित को पुलिस ने पकड़ा। उप निरीक्षक संतोष कुमार की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक प्रदीप यादव, उसके साथी भूपेंद्र यादव और सुमित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने रात में मुठभेड़ के बाद आरोपी प्रदीप यादव और भूपेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। दोनों मुठभेड़ में घायल हुए हैं।

एसडीएम की गाड़ी को मारी टक्कर

बिजनौर। नजीबाबाद में रेत-बजरी के अवैध खनन की सूचना पर मौके पर जा रहे एसडीएम के वाहन को डंपर चालक ने साइड मार दी। जिससे गाड़ी मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। नजीबाबाद के गांव मथुरापुर मोर क्षेत्र में दो प्वाइंट पर रेत-बजरी के खनन की प्रशासन को शनिवार रात सूचना मिली थी। एसडीएम कुंवर बहादुर सिंह टीम के साथ मौके के लिए रवाना हुए। रात लगभग 10 बजे एसडीएम के वाहन ने क्षेत्र से गुजर रहे एक डंपर को रोकने का प्रयास किया तो डंपर के चालक ने एसडीएम के वाहन को साइड मार दी। एसडीएम ने घटना से इनकार किया है। उनका कहना है कि नजीबाबाद-कोटद्वार मार्ग पर अज्ञात वाहन से उनकी गाड़ी को टक्कर लगी थी।

तीन कारों की टक्कर में गजरौला के चार यूट्यूबर्स की मौत

शाहरुख सलमान लकी

हसनपुर (अमरोहा)। हसनपुर-गजरौला मार्ग पर मनौटा पुल के पास तीन कारों की टक्कर में गजरौला के चार यूट्यूबर्स की मौत हो गई, जबकि पांच युवक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि शवों को अस्पताल में रखवा दिया है।

हादसा हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गजरौला-हसनपुर मार्ग पर रविवार रात 10:30 बजे हुआ। गजरौला के मोहल्ला अल्लीपुर निवासी सलमान (17) पुत्र तहसीन तथा उसी मोहल्ले के शाहरुख (18) पुत्र अच्छन, शाहनवाज (19) पुत्र मकसूद, नवादा रोड निवासी लकी (17) पुत्र बब्बू और मोहल्ले के ही दिलशाद और जैद के साथ अर्टिगा कार से हसनपुर के किसी होटल में खाना खाने आए थे। रात करीब 10:30 बजे गजरौला लौट रहे थे। इस दौरान मनौटा पुल के पास सामने से आ रही बोलेरो से टक्कर हो गई। पीछे से आई एक स्विफ्ट कार ने भी टक्कर मार दी। हादसे में लकी, सलमान, शाहरूख और शाहनवाज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जैद, दिलशाद और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवाया जबकि घायलों को भी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि चारों मृतक यूट्यूब पर वीडियो बनाते थे। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि सड़क हादसे में चार दोस्तों की मौत हुई है जबकि पांच युवक घायल हैं।

जम्मू में तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमला, 10 की मौत

किशोर कुमार, जम्मू

आतंकवादी हमले में घायल तीर्थयात्री। ● अमृत विचार

- रियासी जिले में घात लगाकर आतंकियों ने किया हमला
- हमले के बाद बस खाई में गिरी, तैंतीस लोग घायल

अमृत विचार : जम्मू क्षेत्र के रियासी जिले में रविवार को आतंकवादी हमले के बाद एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 10 तीर्थयात्री मारे गए और 33 गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने चांदी मोड़ के पास बस को निशाना बनाया, जिसके बाद वाहन के चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई। अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य घायल हैं। अधिकारियों के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

हमला उस समय हुआ जब तीर्थयात्री शिव खोड़ी मंदिर से दर्शन करके वापस आ रहे थे। बस पर पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में घात लगाकर हमला किया गया। हमलावरों ने स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाईं। इसके बाद चालक बस से नियंत्रण खो बैठा। बचाव अभियान शुरू किया गया और पुलिस, सेना व अर्धसैनिक बलों के जवान घटनास्थल पर पहुंचे। मौके से कारतूसों के खोखे भी मिले हैं।

रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित शर्मा के अनुसार जम्मू-कश्मीर में तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही बस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की है। हमले में दस लोगों की मौत की सूचना है। करीब 33 लोग घायल हैं।

घटनास्थल से बरामद कारतूस।

जेईई-एडवांस्ड के नतीजे घोषित, वेद लाहोटी बने टॉपर

नई दिल्ली। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड के नतीजे रविवार सुबह घोषित कर दिए गए जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने 360 में से 355 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस बार परीक्षा आयोजित करने वाले आईआईटी मद्रास के अनुसार आईआईटी बंबई जोन की द्विजा धर्मेश कुमार पटेल को 360 में 322 अंक मिले और वह छात्राओं में शीर्ष स्थान पर रहीं वहीं देशभर में वह सातवें स्थान पर रहीं। शीर्ष 10 स्थान हासिल करने वाले अभ्यर्थियों में से चार आईआईटी मद्रास से हैं।

परीक्षा में दूसरे स्थान पर आदित्य और तीसरे स्थान पर भोगलपल्ली संदेश रहे। रिदम केडिया, पुट्टी कुशल कुमार, राजदीप मिश्रा, कोदुरी तेजेश्वर, ध्रुवी हेमंत दोशी और अल्लादाबोना एसएसडीबी सिधविक सुहास ने इसी क्रम में अगली रैंक हासिल की है। आईआईटी मद्रास जोन से सबसे अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसके बाद आईआईटी दिल्ली जोन और आईआईटी बॉम्बे जोन हैं। शीर्ष 500 सफल अभ्यर्थियों में से 145 आईआईटी मद्रास जोन के हैं, इसके बाद 136 आईआईटी बॉम्बे जोन से और 122 आईआईटी दिल्ली जोन के हैं।

मतदाताओं ने फिर साबित कर दिखाया...ये है भाजपा का गढ़

बरखेड़ा विधानसभा : 355 बूथों में 64 पर आगे रही सपा, बसपा तीन पर शून्य, महज एक पर मिली बढ़त

वैभव शुक्ला,पीलीभीत

अमृत विचार: जनपद की बरखेड़ा विधानसभा के मतदाताओं ने एक बार फिर दमखम के साथ कमल खिलाकर साबित कर दिखाया कि ये भाजपा का ही गढ़ है। लोकसभा चुनाव में पीलीभीत की अन्य तीन विधानसभाओं में भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद को मिली बढ़त से बरखेड़ा का अंतर काफी अधिक रहा। यहां भाजपा के आगे न तो सपा गठबंधन प्रत्याशी टिक पाए न ही बसपा। त्रिकोणीय मुकाबला तो छोड़िए भाजपा एकतरफा जीत की ओर बढ़ती चली गई। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि मंडल स्तर पर जितिन प्रसाद को मिली रिकार्ड जीत में बरखेड़ा के मतदाताओं का सर्वाधिक आशीर्वाद रहा है।

पीलीभीत संसदीय सीट पर जनपद की चार और बरेली की बहेड़ी विधानसभा शामिल है। बहेड़ी को छोड़ हर विधानसभा में कमल खिला। मगर बरखेड़ा विधानसभा की तस्वीर कुछ खास रही। यहां कुल 355 बूथों पर मतदान हुआ। भगवा गढ़ के रूप में पहचान रखने वाली इस विधानसभा में जितिन प्रसाद को 139292 वोट मिले। जबकि सपा 62029 और बसपा 13756 वोट पर सिमट गई। भाजप को 77273 वोटों की बढ़त रही। जबकि सदर विधानसभा में 18294, बीसलपुर में 30607 और पूरनपुर में 41664 वोटों की बढ़त रही। बूथवार आकलन की बात करें तो दूसरे नंबर पर आए सपा के भगवत सरन गंगवार 64 बूथों को छोड़ अन्य 290 बूथों पर हारते रहे। जिन बूथों पर भाजपा की जीत हुई, वहां बड़ा अंतर रहा। जबकि सपा जिन 64 बूथों पर आगे रही, उनमें कई जगह चंद वोटों का अंतर रहा। कंपोजिट विद्यालय टोडरपुर के एक बूथ पर सपा को 261 जबकि भाजपा भी 258 वोट ले गई। यहां महज तीन वोट का अंतर रहा। कंपोजिट विद्यालय बनौसा बूथ पर सपा को 252 जबकि भाजपा ने 233 वोट हासिल किए। प्राथमिक विद्यालय मुड़िया रामकिशन बूथ पर सपा 269 जबकि भाजपा को 257 वोट मिले। प्राथमिक स्कूल पतरसिया के एक बूथ पर सपा 193, भाजपा 158, डंडिया लच्छी के एक बूथ पर सपा 176 जबकि भाजपा 121 वोट ले गई। जूनियर हाईस्कूल पिपरा खास के एक बूथ पर सपा 293 जबकि भाजपा को 273 वोट मिले। इसी तरह से बर्रा मऊ के एक बूथ पर सपा 252 जबकि भाजपा 214 वोट पर रही। परेई बूथ पर भी अंतर काफी कम रहा। सपा को 272 मत मिले जबकि भाजपा को यहां भी 267 वोट मिल गए। बसपा प्रत्याशी अनीस अहमद उर्फ फूलबाबू को एक बूथ को छोड़ सभी 353 बूथ हार गए। प्राथमिक स्कूल दियोहना बूथ पर जरूर उन्हें 411 वोट मिले जबकि भाजपा को 108 और सपा को यहां 124 वोट मिले। इसके अलावा कंपोजिट विद्यालय तुर्कपुर बढ़वार, प्राथमिक स्कूल बेबी सिंह कॉलोनी और इस्लामिया स्कूल न्यूरिया के एक बूथ समेत तीन बूथों पर बसपा का खाता ही नहीं खुला।

जितिन प्रसाद।

भगवत सरन

अनीस अहमद खां

- **भाजपा प्रत्याशी को यहां से मिली 77273 वोटों की बढ़त, 290 बूथों पर दर्ज कराई जीत**

खमरिया पंडरी के छह बूथों पर भाजपा 91 वोट, सपा 2723

कुछ ऐसे भी बूथ रहे, जिन पर जब साइकिल दौड़ी तो कमल भी मुरझाया रहा और बढ़ा अंतर रहा। पौटा कलां के चारों बूथों पर भाजपा पिछड़ गई। यहां भाजपा को 432 वोट मिले जबकि सपा को 2536 वोट मिला। जूनियर हाईस्कूल न्यूरिया के तीन बूथों पर सपा 1794 वोट ले गई जबकि भाजपा को यहां 236 वोट पर संतोष करना पड़ा। इसी तरह न्यूरिया हुसैनपुर के पांच बूथों पर भाजपा 552 और सपा 2186 वोट ले गई। इस्लामिया स्कूल न्यूरिया के पांच बूथों पर सपा की बढ़त अधिक रही। यहां सपा को 2650 वोट मिला जबकि भाजपा 153 वोट पा सकी। खमरिया पंडरी के छह बूथ भी भाजपा हारी। यहां सपा को 2723 वोट मिला जबकि भाजपा सिर्फ 91 वोट पर सिमटी।

लोकसभा के दस प्रत्याशियों को बरखेड़ा में मिला वोट

जितिन प्रसाद : (भाजपा)	139292
भगवत सरन गंगवार (सपा गठबंधन)	62029
अनीस अहमद खां (बसपा)	13756
राजीव कुमार सक्सेना (भारतीय कृषक दल)	703
संजय कुमार भारती (राष्ट्रीय समाज दल)	382
आदर्श पांडेय (निर्दलीय)	333
आशीष कुमार (निर्दलीय)	432
प्रमोद भाई पटेल उर्फ पीके (निर्दलीय)	363
मोहम्मद शाहिद हुसैन (निर्दलीय)	412
सुशील कुमार शुक्ला (निर्दलीय)	693
नोटा :	1582

मायके वालों ने नहीं कराया इलाज तो महिला को किया बेघर

बीसलपुर, अमृत विचार: मायके वालों ने पति का इलाज नहीं कराया गया। गुस्साए ससुरालियों ने विवाहिता को घर से निकाल दिया। सीओ के निर्देश पर पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र की एक विवाहिता ने बताया उसकी शादी 27 नवंबर 2023 को अलीगढ़ के युवक से हुई थी। ससुराल वाले वर्तमान में उत्तरी दिल्ली में रहते हैं। विवाह के कुछ समय बाद पता चला कि पति शारीरिक संबंध बनाने में असमर्थ है। वह वैवाहिक जीवन को सफल नहीं बना सकता है। इसी के चलते वह आए दिन मारपीट करता है। विवाहिता पर दबाव बनाया गया कि मायके वालों से कहकर वह उसका इलाज कराए। इलाज के लिए रुपये की मांग की जाने लगी। विवाहिता ने शादी के जेवर बेचकर इलाज कराने की सलाह दी। इस पर गहने ननद को दे दिए , लेकिन इलाज नहीं कराया। फिर से रुपये मांगे जाने लगे। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

चंद्रशेखर के सांसद बनने पर बांटी मिठाई

बीसलपुर, अमृत विचार : भीम आर्मी भारत एकता मिशन की ओर से नगर में मिष्ठान वितरण किया गया। नगीना लोकसभा सीट से चंद्रशेखर आजाद एडवोकेट के सांसद चुने जाने पर हर्ष जताया गया। कार्यकर्ताओं में अलग उत्साह देखा गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय, शिवम सिंह बाबा, आलोक कुमार, रिषभ वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

शपथ ग्रहण होती ही ढोल नगाड़ों पर थिरके समर्थक व कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने और पीलीभीत सीट पर बड़े अंतर से जीत दर्ज कराने वाले जितिन प्रसाद के मंत्रिमंडल में शामिल होने का जश्न जनपद भर में दिखा। इसे लेकर दिन भर बधाई संदेश चलते रहे। फिर शाम को शपथ ग्रहण का लाइव प्रसारण देखा गया। वहीं, जगह-जगह ढोल नगाड़ों के बीच मिठाई बांटी गई और आतिशबाजी करके खुशी का इजहार किया गया।

दरअसल, पीलीभीत सीट पर जीते भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के मंत्रिमंडल में जगह पाने के कयास पहले से ही लगाए जा रहे थे। मेनका गांधी और वरुण गांधी के गढ़ के रूप में पहचानी जाने वाली इस सीट पर जब जितिन प्रसाद भाजपा प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारे गए। तभी स्थानीय स्तर पर तय हो गया था कि अगर जीत हुई और केंद्र में मोदी सरकार की वापसी हुई तो जितिन प्रसाद का मंत्रिमंडल में शामिल होना तय होगा। चुनावी नतीजे सामने आए और एनडीए को बहुमत मिलने के बाद प्रेंद्र मोदी की लगातार तीसरी बार ताजपोशी हुई।

रविवार को सुबह से ही जगह-जगह जश्न का माहौल दिखाई देने लगा। शाम को नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण का लाइव प्रसारण लोग टीवी के आगे बैठकर देखते रहे। जो लोग घरों के बाहर थे, वह भी इस पल का साक्षी बनने के लिए मोबाइल फोन पर लाइव प्रसारण देखते नजर आए। तराई वासियों के लिए ये खुशी उस वक्त और दोगुना हो गई जब पता चला कि मोदी मंत्रिमंडल में पीलीभीत सीट पर जीत दर्ज कराने वाले जितिन प्रसाद भी शामिल हो गए हैं। दोपहर से ही सोशल मीडिया पर लोगों की ओर से बधाई संदेश प्रसारित किए जाने लगे।

कस्बा मझोला में समर्थकों संग मिठाई बांटकर खुशी जताते चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह।

- **मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने और जितिन प्रसाद के मंत्रिमंडल में शामिल होने पर जिलेभर में मना जश्न**

भाजपा कार्यालय पर जय श्रीराम के उद्घोष गूंजे

शाम को भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ता जमा हुए और ढोल नगाड़ों पर जमकर थिरके। इस दौरान जय श्रीराम के उद्घोष गूंजे। जिला महामंत्री लेखराज भारती, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, नगराध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह गोल्डी, अंशुमन तिवारी, विकास वाल्मीकि, रतना शुक्ला, संजीव मोहन अग्रवाल, अभय शर्मा, दिनेश पटेल, इंद्रेश चौहान, शशिबाला कटियार, शीतल रावत, संजीव शर्मा, तुलाराम लोधी, अरुण शर्मा आदि मौजूद रहे। इसके अलावा भी अखिल भारतीय भारतवर्षीय ब्राहमण महासभा के जिलाध्यक्ष अशोक बाजपेई एडवोकेट, व्यापारी नेता संजीव मिश्रा समेत कई अन्य ने भी जितिन के मंत्रिमंडल में शामिल होने पर खुशी जताई। उधर, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने रविवार को दिल्ली स्थित आवास पर पीलीभीत के नवनिर्वाचित सांसद जितिन प्रसाद से मुलाकात कर उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल होने की बधाई दी। नगर पंचायत गुलड़िया भिंड़ारा (मझोला) के चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह ने भी देर शाम समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई बांटी और जमकर आतिशबाजी की गई।

भाजपा कार्यालय पर रविवार रात की गई आतिशबाजी। ● अमृत विचार

प्रयोग सफल...दिमाग के ताले में 14वीं बार में लगी सही चाबी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **वन स्टॉप सेंटर ने मानसिक मंदित के माता-पिता को खोजा**
- **तीन जून की रात वन स्टॉप सेंटर लाई गई थी युवती**

अमृत विचार: यादें कभी मिटती नहीं, वो आएंगी जरूर किसी न किसी बहाने से। यह पंक्तियां महज शेर ओ शायरी का हिस्सा नहीं है बल्कि असल जिंदगी में भी इनकी खासी अहमियत है। याददाश्त की अहमियत को समझ वन स्टाप सेंटर ने एक मानसिक मंदित युवती के माता-पिता को खोज निकाला और छठे दिन युवती को उनके सुपुर्द कर दिया। बेटी को सुरक्षित पाकर माता-पिता की आंखें भी खुशी से डबडबा उठी।

महिला कल्याण विभाग द्वारा वन स्टॉप सेंटर संचालित किया जा रहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता के दिशा निर्देशन में संचालित हो रहा वन स्टॉप सेंटर संकटग्रस्त महिलाओं के लिए खासा मददगार साबित हो रहा है। वन स्टॉप सेंटर ने हाल में ही एक नए मामले में सफलता हासिल की है। तीन जून की रात महिला थाना एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की ओर से एक अज्ञात लड़की को वन स्टॉप सेंटर लाया गया था। चाइल्ड हेल्पलाइन एवं महिला थाने की ओर से लड़की को बाल कल्याण समिति न्यायपीठ के समक्ष प्रस्तुत कर कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बताया कि पीड़िता बालिग थी। वह मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण अजीवो-गरीब व्यवहार कर रही थी।

बार-बार पूछने पर भी सही जानकारी नहीं दे पा रही थी। इन सबके बावजूद वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक तृप्ति मिश्रा और उनकी टीम ने हिम्मत नहीं हारी और पीड़िता का पता खोजने के हरसंभव प्रयास शुरू किए। इन्हीं प्रयासों के बीच केस वर्कर सुषमा ने पीड़िता को मोबाइल फोन के ओर आर्कषित होता देख उससे बार-बार नंबर डायल करवाए। 13 बार प्रयास किया। पीड़िता की ओर से डायल किए गए सभी 13 नंबरों पर बात की गई, लेकिन सब गलत पाए गए। आखिरकार.. पीड़िता की ओर से जब 14वीं बार नंबर डायल किया गया और उस नंबर पर केंद्र प्रशासक ने तत्काल बातचीत कर पूछा कि क्या आपके घर की कोई लड़की खो गई है। इस सवाल पर जैसे ही दूसरी तरफ से हां की आवाज सुनाई दी तो वन स्टॉप सेंटर की टीम की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। तत्काल थाना नाजिमाबाद, बिजनौर से बात क़ी गई तो थाने में सात जून को गुमशुदगी दर्ज होना पाया गया। खास बात यह है कि जिस दिन परिवार द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी, उसी दिन शाम को वन स्टॉप सेंटर से भी फोन पहुंचा था। महिला थानाध्यक्ष द्वारा तत्काल परिवार को पीलीभीत बुलाया गया। सभी के सहयोग से आठ जून को सीओ सिटी के निर्देश पर पीड़िता को साक्ष्य के आधार पर उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

पुरानी रंजिश के चलते मां-बेटा समेत तीन लोगों को पीटा

घुंघचिहाई, अमृत विचार: पुरानी रंजिश के चलते युवक की पिटाई कर दी ग। बचाने आई मां को भी पीटा। इसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग गए। ग्राम दिलावरपुर के महेश कुमार ने बताया कि तीन जून को वह खेत पर जा रहे थे। रास्ते में छोटेलाल, संतराम, सोनपाल, चंद्रप्रकाश ने पुराने विवाद में रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो हमला कर दिया। वह बचकर घर में आ गए। पीछे से आरोपी भी घर में घुस आए और मारपीट की। शोर पर मां शांति देवी और पुत्र मुनीष बचाने आए तो उनको भी पीटा। आसपास के लोगों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

शाहजहांपुर को हराकर प्रयागराज की टीम बनीं चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से गांधी स्टेडियम में आयोजित की गई राज्य स्तरीय गर्ल्स हॉकी प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। अंतिम दिन फाइनल मैच खेले गए। विजेताओं को सम्मानित कर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की गई।

दो दिवसीय प्रतियोगिता में रविवार को पहला सेमीफाइनल शाहजहांपुर और कानपुर की टीम के बीच हुआ। जिसमें कानपुर एक और शाहजहांपुर दो गोल मारकर विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल प्रयागराज व पीलीभीत के बीच हुआ, जिसमें प्रयागराज ने दो पीलीभीत की उपासना ने एक गोल किया। प्रयागराज की टीम विजयी रही। अंत में फाइनल मैच प्रयागराज और शाहजहांपुर के बीच हुआ। दो गोल मारकर प्रयागराज की टीम ने प्रतियोगिता पर कब्जा किया। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्लेयर एवं इंडियन रेलवे अधिकारी बरेली गीता कुमारी, महिला एवं बाल विकास कल्याण सदस्य बबीता सक्सेना, अभाविप जिला प्रमुख डॉ.गौरव वर्मा विभाग संयोजक जतिन भारती, नगर मंत्री अरुण सूर्यवंशी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रिया शर्मा, बड़ौदा उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के प्रबंधक प्रदीप कुमार, दिलीप सरकार, अजय गोयल , क्रीड़ा भारती जिला महामंत्री सतीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

संचालन आलोक सक्सेना ने किया। समस्त खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। बेस्ट गोलकीपर प्रयागराज की मुस्कान, बेस्ट स्कोरर प्रयागराज टीम से ही अंतिमा रहीं। बेस्ट मिडफील्ड शाहजहांपुर से आकांक्षा रही। इस मौके पर कोमल, प्रभात, दीपाली, विमलेश कुमार, अंशिका, दिव्या पांडे, सोनू, अर्पित मौर्य, हर्ष सक्सेना, प्रमोद राजपूत, राजकुमार, सौरभ, उपासना, संध्या आदि मौजूद रहे।

खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते अतिथि व आयोजक। ● अमृत विचार

गांधी स्टेडियम के ग्राउंड पर खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- **दो दिवसीय राज्य स्तरीय गर्ल्स हॉकी प्रतियोगिता का समापन**

कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपैन्डिसाइट्स, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

अमृत विचार Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली



आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

43.0° अधिकतम तापमान | 26.4° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 5.12 | सूर्यास्त 7.08

दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर करंट लगाने का आरोप

पूरनपुर, अमृत विचार: दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को करंट लगाकर मारने की कोशिश की। इसका पता चलने पर बचाने पहुंचे भाई को भी पिटाई लगा दी। पुलिस को घटनाक्रम की तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मुरादपुर की जावत्री देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी दो साल पहले घुंघचाई क्षेत्र के गांव बिलंदपुर अशोक के एक युवक से हुई। ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग करते हैं। इसके पूरा न होने पर मारपीट की गई। करंट लगाकर जान लेने की कोशिश की। रविवार को भी पिटाई की। जब भाई रामवीर बचाने पहुंचा तो उसे भी पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शासन के निर्देश पर खरीदी गई मशीनें, इंस्टॉल कराने की प्रक्रिया शुरू, परामर्श के साथ मिलेगी जांच की सुविधा, अगले माह से की जाएंगी शुरू

भागदौड़ से निजात, मेडिकल कॉलेज में होगी हार्मोंस की जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : थॉयराइड व अन्य हार्मोनल जांच के लिए निजी लैब की दौड़ लगा रहे मरीजों को बड़ी राहत मिलने वाली है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रही पैथोलॉजी लैब में हार्मोनल एनालाइजर लैब की स्थापना हो रही है।यहां टी-3, टी-4, बी-12 समेत अन्य जांच होने पर मरीजों को बाहर नहीं जाना होगा और न ही रिपोर्ट के लिए दो से तीन दिन का इंतजार करना होगा। मेडिकल प्रशासान का दावा है जल्द ही मशीनें इंस्टॉल होने के साथ ही अगले माह जांच होने लगेंगी।

नियमित जीवन शैली एवं खानपान की वजह से युवक एवं युवतियों में तरह-तरह की जटिलताएं पाई जा रही हैं। इस वजह से उनमें हार्मोंस का स्तर गड़बड़ाने लगता है। वहीं, महिलाओं से जुड़ी बीमारियों, बांझपन और उम्र के साथ बच्चों का विकास (ग्रोथ) कम होने की समस्या भी है। कम उम्र में गठिया की समस्या लेकर मरीज राजकीय मेडिकल कालेज में इलाज के लिए आते हैं। इन बीमारियों का पता लगाने को हार्मोनल जांच की जरूरत होती है। लेकिन यहां सयंयुक्त चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज का दर्जा मिलने के बाद मरीजों को इस तरह की जांच के लिए निजी लैब का सहारा लेना पड़ता है।

बताते हैं कि मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 1200 मरीज पहुंचते हैं। यहां पैथोलॉजी लैब में सीबीसी, विडाल, एलएफटी, केएफटी, हीमोग्लोबिन आदि की जांच की सुविधा है। डॉक्टरों की ओर से लिखी जाने वाली थायराइड, विटामिन डी, टी-3 टी-4, कैल्शियम जैसी जरूरी जांच की कोई उपयुक्त व्यवस्था नहीं होने पर मरीजों को बाहर से जांच करानी पड़ती है। अधिकारियों के मुताबिक मेडिकल कॉलेज की लैब में हार्मोनल एनालाइजर मशीन को इंस्टॉल कर दिया गया है, जबकि एबीजी मशीन लगाने की प्रक्रिया चल रही है।

मेडिकल कॉलेज की लैब में लगाई गई मशीनें।

अलग-अलग किट से होती है जांच

डॉक्टरों के मुताबिक हार्मोनल एनलाइजर मशीन किट पर काम करती है। हर जांच के लिए अलग-अलग किट होती है। जिसमें थायराइड वाली किट लगाने पर वह थायराइड की जांच करेगी। इन मशीनों के चालू होने के बाद लैब में टी-3, टी-4, टीएसएच, एचटी, एसएसएच, एस-प्रोजेस्टेरोन, एस-प्रोलैक्टिन, विटामिन बी-12, विटामिन डी, ट्रोपोनिन, प्रोथ्रोम्बिन आदि जांचे शुरू की जाएगी। वहीं एरिथ्रोसाइट सेडीमेंटेशन रेट (ईएसआर) से लाल रक्त कोशिकाओं की जांच की जाएगी, इससे रक्त कोशिकाओं में मिली खराबी का पता लगाया जा सकेगा। इससे मरीजों की बचत और भागदौड़ भी बचेगी। इन जांचों के शुरू होने से मरीजों को काफी सहूलियत मिलेगी।

> मेडिकल कॉलेज में जांचों की सुविधा बढ़ाने के लिए मशीनें बढ़ाई जा रही हैं। एबीजी मशीन और हार्मोनल एनलाइजर मशीन खरीदी गई हैं। इनको इंस्टॉल कराया जा रहा है। अगले माह से जांचे शुरू करा दी जाएंगी। अन्य सुविधाएं बढ़ाने की तैयारियां भी की जा रही हैं। मरीजों को उनके ही जिले में बेहतर इलाज मिल सकेगा।
> – **डॉ .संगीता अनेजा**, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

एक नजर

ससुर को बचाने पहुंची गर्भवती को दिया धक्का

गजरौला। ग्राम चुड़ैला बंजरिया के तेजराम ने बताया मेड़ के विवाद में शनिवार सुबह भाई जमुना प्रसाद व भतीजा अरुण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। परिवार के लोगों ने बचाने का प्रयास किया तो उनको भी पीटा। गर्भवती पुत्रवधू को धक्का दे दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

गजरौला। ग्राम शेरपुर मकरंदपुर की रहने वाली रूपेंद्र कौर ने गजरौला थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 14 साल पहले जजवीर सिंह से हुई थी। ससुराल वाले दहेज से संतुष्ठ नहीं थे। बंधक बनाकर भूखा रखते थे। चार जून को आरोपियों ने पीटकर घरर से निकाल दिया। इसके बाद से वह अपने मायके में रह रही है। पुलिस ने मामले में पति जजवीर सिंह, सास कुलदीप कौर, हरजीत कौर, गुरप्रीत कौर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

एक दिन पहले पति से झगड़ा, दूसरे दिन विवाहिता की मौत... मायके वाले बोले- बेटी की हत्या कर दी

फंदा लगाकर जान देने की सूचना मिलने पर ससुराल पहुंचे परिजनों का संतोषजनक जवाब न मिलने पर बढ़ा शक

संवाददाता, जहानाबाद

अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की ससुराल में मौत हो गई। ससुराल के एक सदस्य से फंदा लगाकर खुदकुशी करने की सूचना मिलने पर मायके वाले मौके पर पहुंचे और सवाल -जवाब किया। मगर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। मायके वालों ने विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन में जुट गई है।

मृतक लज्जावती।

अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बरा दुनबा अंटा गौटिया की रहने वाली 40 वर्षीय लज्जावती की शादी करीब पंद्रह साल पहले जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम भौना के ओमप्रकाश से हुई थी। उसके एक बेटा और तीन बेटियां हैं। पति शराब का नशा अधिक करता है। ससुराल में लज्जावती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार को ससुराल के एक सदस्य ने मायके वालों को कॉल कर विवाहिता के फंदा से लटककर खुदकुशी करने की सूचना दी। जिसे सुनकर मायके वालों के होश उड़ गए। कुछ ही देर में मायके वाले मौके पर पहुंच गए। बताते हैं कि ससुराल के अधिकांश सदस्य घर पर नहीं थे। एक महिला मौजूद थी। उसने जिस स्थान पर फंदा लगाकर जान देने की बात कही, वह भी मायके वालों को संदिग्ध लगी।

विवाहिता की मौत के बाद विलाप करते परिवार वाले। ● अमृत विचार

- **पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, छानबीन में जुटी**

सवालों के भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल सके। शव भी जमीन पर पड़ा हुआ था। इस पर बताया गया कि फंदे से ससुरालियों ने उतार लिया था। खुदकुशी के पीछे की वजह भी नहीं बता सके। मायके वालों ने हत्या करने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि दो घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। पुलिस ने मृतका के बच्चों से भी बातचीत कर घटना को जानने का प्रयास किया। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब पुलिस अग्रिम कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

घर पर रखे रुपये से पी ली शराब, फिर हुआ झगड़ा

पुलिस की शुरुआती छानबीन बच्चों से की गई पूछताछ में शनिवार को दंपति के बीच झगड़ा होने की बात निकलकर आई है। बताते हैं कि घर पर तेल बेचकर लाए रुपये रखे हुए थे। जिसे चुपचाप निकाल कर ओमप्रकाश ने शराब पी ली थी। जब पत्नी लज्जावती को इसका पता चला तो उसने पति से पूछा। इसी बात पर दंपति के बीच झगड़ा हो गया। अब इसी में हत्या की गई या फिर महिला ने फंदा लगाकर जान दी। इसे लेकर पुलिस पड़ताल करती रही।

परिवार में कोहराम, मौके पर जुटी रही भीड़

रविवार सुबह विवाहिता की मौत के बाद मायके वाले पहुंच गए थे। हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की जा रही थी। जिसे लेकर मौके पर आसपास के ग्रामीण भी जमा रहे। जिनसे पुलिस संपर्क कर जानकारी करती रही। इस दौरान आए दिन झगड़ा होने की बात निकलकर आई। वहीं, विवाहिता की मौत के बाद मायके वालों का रोकर बुरा हाल रहा। मृतका के चार बच्चे हैं। उनका भी रोकर बुरा हाल था।

> घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छानबीन चल रही है। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कराई जा रही है।
> – **मुकेश शुक्ला**, इंस्पेक्टर जहानाबाद

मारपीट की घटनाओं में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार : दो गांवों में मारपीट की घटनाएं हुई। जिसमें चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जेठापुर के रहने वाले ओमप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी गांव में ही किराना की दुकान है। 28 मई को गांव के वेदप्रकाश, बब्बू, सूरज और शांति देवी उसके घर आकर गाली गलौज करने लगी। आरोपी पूर्व में उधार दिए रुपये वापस मांगने पर नाराज थे। जब गाली देने का विरोध किया तो हमला कर पिटाई कर दी। बीच बचाव कराने पहुंची पत्नी हसमुखी को भी पीटा। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। उधर, दूसरा मामला गांव पड़रिया का है। गांव की रहने वाली रामबेटी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी गाय पड़ोसी जदबीर के खेत में घुस गई। इसको लेकर 31 मई को जदबीर अपने बेटे छोटू, लालू, बड़े के साथ लाठी डंडे लेकर उनके घर में घुस आया और गाली गलौज की। बेटे मोनू ने विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी। बेटे को बचाने वह गई तो उनको भी पीटा।

ट्रैक्टर चालक ने हादसे के बाद दिखाई दबंगई

घुंघचिहाई। नशे की हालत में एक ट्रैक्टर चालक ने पहले रोड पर रखे खोखे में टक्कर मारी और विरोध करने पर अन्य दो लोगों को कुचलने की कोशिश की। ग्रामीण एकजुट हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को पकड़ लिया। थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर के राम मूर्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गांव में ही हनुमान मंदिर के पास दियूरिया रोड पर खोखा में किराना दुकान चलाते हैं। रविवार को उनका पुत्र खोखा बंद करके घर आ गया। गांव लुकटिहाई का एक युवक अपने अन्य साथी के साथ तेज गति से ट्रैक्टर चलाता हुआ आया और खोखे को टक्कर मार दी। जिसमें काफी नुकसान हुआ। आरोप है कि चालक ने कुछ लोगों को कुचलने की कोशिश की। जब लोगों ने विरोध किया तो उनसे मारपीट करने पर आमादा हो गया। इसकी सूचना मिलने पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़कर साथ ले गई। एसओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर रहे हैं।

परिवार सोता रहा, चोर नकब लगा घर से समेट ले गए लाखों रुपये का सामान

संवाददाता, बीसलपुर

- **करमापुर माफी में मकान की दीवार में नकब लगाकर घुसे थे चोर**
- **दूसरे दिन वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी**

अमृत विचार : ग्रामीण के मकान में पीछे की दीवार में नकब लगाकर घुसे चोर लाखों रुपये का का सामान समेट ले गए। इधर, खासबात यह रही कि परिजन सोते रहे और उन्हें घटना की भनक तक नहीं लगी। दूसरे दिन सुबह परिवार वालों की आंख खुले तो घर में सामान बिखरा देख वह दंग रह गए। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिस ने परिजनों ने पूछताछ की और मामले की जांच कर रही है। हालांकि इस मामले में अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करमापुर माफी के रहने वाले परमेश्वरी दयाल खेती कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। शनिवार रात को वह खाना खाकर परिवार के साथ गर्मी की वजह से आंगन में सो गए। देर रात किसी वक्त चोर पीछे की दीवार में नकब लगाकर मकान में प्रवेश कर गए।

कमरे में रखे संदूक के ताले तोड़कर सामान खंगाल दिया। यहां से चोर सोने-चांदी के जेवरात, पीतल व स्टील के बर्तन, कपड़े समेत लाखों का सामान समेट ले गए। रविवार सुबह करीब पांच बजे जब परिवार के सदस्यों की आंख खुली और कमरे में पहुंचे सामान बिखरा व दीवार में नकब लगा देख होश उड़ गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। खनंका चौकी पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। चौकी प्रभारी ऋषिपाल सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है। मामले की जांच चल रही है। सुरागरसी को टीम लगाई है, जल्द खुलासा किया जाएगा।

ग्रामीण के मकान की दीवार में लगाया गया नकब।

घायल के परिजनों ने डंपर चालक के खिलाफ दी तहरीर

घुंघचिहाई, अमृत विचार : बहन के घर जा रहे युवक को घुंघचिहाई पेट्रोल पंप के पास मिट्टी लदे डंपर ने टक्कर मार दी। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के ग्राम तारकोठी के देवेंद्र यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके बड़े भाई वीरेंद्र कुमार एक जून को बाइक से बहन के घर बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव आजमपुर जा रहे थे। रात करीब नौ बजे घुंघचिहाई पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही पीछे से आए तेज रफ्तार मिट्टी लदे पीले रंग के डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें उनके भाई घायल हो गए। सीएचसी पूरनपुर में प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर बताकर भाई को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां भी सुधार न होने पर निजी अस्पताल भर्ती कराया है। एसओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई कराई जाएगी।

सिद्धबाबा से लौट रहे श्रद्धालुओं में खूब चले लाठी-डंडे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : सिद्धबाबा से दर्शन कर लौट रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार श्रद्धालुओं में ट्रैक्टर आगे निकालने को लेकर विवाद हो गया। पहले तो वह सिद्धबाबा के बाहर सड़क पर लड़ने लगे। वहां से किसी तरह मामला शांत होने पर आगे बढ़े और गौहनिया रेलवे क्रासिंग पर दोबारा झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी डंडे से वार किए। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

कोतवाली दियोरिया कलां क्षेत्र के गांव मानपुर टेहरी के रहने वाले अजय ने बताया कि वह परिवार के चरन सिंह, नेमचंद व अन्य लोगों के साथ गजरौला थाना क्षेत्र के सिद्ध बाबा स्थल में ट्रैक्टर ट्रॉली से मेले में आए थे। परिवार की महिलाएं भी साथ थी। इसी मेले में बरेली क्षेत्र के थाना इज्जतनगर के गांव पहाड़गंज के नितिन, वीरपाल भी अन्य लोगों संग अपनी ट्रैक्टर ट्राली से आए थे। वापसी में ट्रैक्टर ट्रॉली ट्राली पहले निकालने को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट के बाद दोनों पक्ष वहां से ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर आगे बढ़ गए। दोनों पक्षों का आरोप है कि जैसे ही वह शहर के निकट सुनगढ़ी क्षेत्र गौहनिया रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचे। वहां पर घेरकर झगड़ा शुरू कर दिया गया। बीच सड़क पर मारपीट देख भगदड़ मच गई। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची सुगनढ़ी पुलिस ने जैसे तैसे मामले को शांत कराया। इसके बाद घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां घायलों का उपचार चल रहा है। इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

श्रद्धालुओं से वार्ता करती पुलिस और लगी भीड़। ● अमृत विचार

- **दियोरिया व बरेली के रहने वाले थे श्रद्धालु, मारपीट में पांच घायल**
- **सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव गौहनिया रेलवे क्रासिंग के पास हुई घटना**

धर्म-कर्म | पहले दिन दरगाह पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अमले ने दी हाजिरी, मुल्क में अमन चैन की मांगी दुआ

निपटा विवाद ...उर्स ए शाहजी का शान ओ शौकत से हुआ आगाज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : प्रख्यात सूफी संत अल्हाज शाहजी मोहम्मद शेर मियां के 121वें उर्स का रविवार से आगाज हो गया। परंपरा के अनुसार पहले दिन प्रशासनिक अमले ने दरगाह शेरिया पर हाजिरी दी। इस दौरान दरगाह के सज्जादा नशीन ने मुल्क में अमन ओ चैन की दुआ फरमाई। उर्स का समापन 13 जून को कुल शरीफ के रस्म के साथ होगा। जिसमें बड़ी संख्या में देश-विदेश के जायरीन शिरकत करेंगे।

हर साल उर्स ए शाहजी मोहम्मद शेर में मियां में देश दुनियां से बड़ी तादाद में जायरीन शिकरत करते हैं। शहर स्थित दरगाह ए शेरिया में रविवार से शुरू हुए उर्स ए पाक का आगाज सुबह करीब आठ बजे हुआ। परपंरा के अनुसार शहरवासियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों में एडीएम वित्त ऋतु पुनिया, एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह, तहसीलदार राम ऋषि रमन, एलआईयू इंस्पेक्टर होरी लाल रावत, व्यापार मंडल ज़िलाध्यक्ष मोहम्मद अफरोज जीलानी आदि ने हाजिरी दी।

इस दौरान दरगाह के सज्जादानशीन अल्हाज मुन्ने मियां शेरी ने मुल्क में अमन ओ अमान कायम रहने के साथ समाज के सभी वर्गो की तरक्की के लिए दुआ की। दस्तारबंदी भी की गई। सज्जादानशीन ने बताया कि उर्स ए शाहजी रविवार से विधिवत शुरू हो गया है। उर्स के तहत 11 जून को हस्बे रिवायत दरगाह शेरिया पर मुशायरा, 12 जून को शहर में निर्धारित मार्गों पर चादरों का जुलूस निकाला जाएगा और शाम पांच बजे पहला कुल शरीफ शुरू होगा। 13 जून को सुबह 10 बजे बड़ा कुल शरीफ़ होगा। इसमें देश विदेश के बड़ी संख्या में जायरीन शिरकत करेंगे। इस दौरान अब्दुल हफीज मियां शेरी, नायब सज्जादा मेराज मियां शेरी, कासिम खां अशरफी, वसीम कुरैशी, कदीर अहमद , शीराज़ मियां शेरी, आरिफ हजरत खां, मोइन खान, सखावत खां, ममनून, आरिफ हजरत खान, इकबाल हजरत खान समेत तमाम अकीदतमंद मौजूद रहे।

इधर, इस बार उर्स में दुकानों को लेकर कुछ दिक्कतें सामने आई थीं। जिसको लेकर काफी गहमागहमी रही, मगर डीएम व एसपी ने मामले का संज्ञान लेकर इस समस्या का समाधान कराया और अब उर्स परंपरागत तरीके से आयोजित किया जा रहा है। नायाब सज्जादानशीन मेराज मियां शेरी ने सभी दुकानदारों से गुज़रिश की है कि उर्स में लगने वाली दुकानों को इस तरह लगाया जाए कि मार्ग पूरी तरह से बंद न हो और आपात स्थिति में दमकल एवं एंबुलेंस के लिए रास्ता खुला रखा रहना चाहिए।

शाहजी मियां दरगाह पर दुआ करते सज्जादानशीन, अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

अफसरों की मौजूदगी में उर्स के कार्यक्रमों की जानकारी देते सज्जादानशीन मुन्ने मियां शेरी।

किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

बीसलपुर, अमृत विचार : कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि गांव के ही अमित के घर के पास वह सब्जी बेचते हैं। जिसमें तेरह वर्षीय पुत्री भी सहयोग करती थी। आरोप है कि बरेली जनपद के थाना क्योलड़िया क्षेत्र के ग्राम नकटी नारायणपुर के अमन की दो बहनों की शादी भी इसी गांव में अमित और दुर्गेश के साथ हुई है। इन दोनों ने अपनी पत्नियों की मदद से तीन जून को नाबालिग पुत्री को बहलाया और अमन के साथ भगा दिया। काफी तलाशने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

एक नजर

ग्रामीण पर किया हमला

बरखेड़ा। गांव भैसहा ग्वालपुर के जितेंद्र कुमार ने बताया कि 24 मई की शाम साढे सात बजे उसका बड़ा भाई गिरीश चंद्र घर से निकला। इस बीच गावं का देवेंद्र कुमार नशे में गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने भाई को हमला कर पिटाई कर दी। सिर में लाठी मारकर घायल कर दिया और भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मां-बेटे को पुराने विवाद में लाठी-ड़डे से पीटा

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के गांव जगीपुर की रहने वाली लकी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सात जून को रात आठ बजे पति रोहताश कुमार और सास धन देवी मकान के सामने बैठे थे। इस बीच गांव के ही रघुवीर, टिंकू और इतवारी लाल आ गए। निकास के पुराने विवाद में गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी डंडे से हमला पति की कर पिटाई की। बचाने पहुंची सास को भी पीटा। थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

छात्रा को बहला फुसलकार साथ ले गया युवक

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बताया कि सात जून को रात परिवार के सदस्य घर के बाहर थे। इस दौरान गांव का ही आकाश उसकी 15 वर्षीय पुत्री जोकि हाईस्कूल की छात्रा है उसे बहला फुसलाकर ले गया। काफी जगह तलाश किया लेकिन पुत्री के बारे में जानकारी नहीं हो सकी। पुत्री घर से सोने के कुंडल, दो सोने की चेन ले गई है। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश को टीम लगाई है।

गर्मी ने किया परेशान, आसान प्रश्नपत्र देख चमके परीक्षार्थियों के चेहरे

बीएड की दो पालियों में हुई परीक्षा 93 अभ्यर्थियों ने छोड़ी, अफसर करते रहे निगरानी, परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले दिया प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : जनपद में दो परीक्षा केंद्रों पर बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। 799 अभ्यार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा सुबह ठीक नौ बजे शुरू कराई गई। इस दौरान परीक्षा केंद्र के आसपास 500 मीटर के दायरे में दुकानों को बंद रखा गया। पहली पाली में 706 और दूसरी पाली में भी 706 अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि दोनों पालियों में 93 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग समेत परीक्षा के नोडल और सेक्टर मजिस्ट्रेट निगरानी करते रहे। वहीं अभ्यर्थियों ने इस बार बीएड का पेपर सरल बताया। इस बार कोई नकलची भी नहीं पकड़ गया।

- **जिला प्रशासन की सख्ती से सचल दल को चेकिंग के दौरान नहीं मिली नकल**

रविवार को शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज और सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज में संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा संपन्न कराने के लिए केंद्र बनाया गया था। कुल 799 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। सुबह आठ बजे से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लाइन लगना शुरू हो गई। परीक्षा देने के लिए गैर जनपद से भी अभ्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। इस दौरान गेट पर लगे सचल दल ने सघन चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया। किसी को भी इलेक्ट्रानिक उपकरण नहीं ले जाने दिए गए। पहली पाली में सुबह नौ बजे से 12 बजे तक परीक्षा चली। इस दौरान नोडल अफसरों ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। हालांकि परीक्षा के दौरान कोई भी नकल सामग्री नहीं पकड़ी गई। पहली पाली में 799 पंजीकृत थे। इनमें ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में 400 में 50 अनुपस्थित रहे। जबकि रामा इंटर कॉलेज में 399 में 43 अनुपस्थित रहे। जिसमें 93 गैरहाजिर रहे। इसके बाद दोपहर दो बजे दूसरी पाली की परीक्षा शुरू कराई गई। 799 अभ्यार्थी पंजीकृत थे और 93 अनुपस्थित रहे। अफसरों ने दोनों परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सबसे पहले कक्ष निरीक्षक की आईडी चेक की। उसके बाद परीक्षा दे रहे कई अभ्यार्थियों की कॉपी चेक की। हालांकि निरीक्षण के दौरान कुछ आपत्तिजनक नहीं मिल सका। इधर, प्रत्येक केंद्र के लिए विश्वविद्यालय की ओर से लगाए गए पर्यवेक्षक और जिला प्रशासन के स्टेटिक मजिस्ट्रेट निगरानी करते नजर आए। मॉनिटारिंग करने के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम से सीसीटीवी की मदद से प्रत्येक केंद्र पर निगरानी की जाती रही। दोनों पालियों की परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों की कॉपी कड़ी सुरक्षा के बीच डबल लॉक में रखवाईं गईं।

रामा इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर वापस आते अभ्यार्थी। ● अमृत विचार

बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान प्रवेश पत्र-आधार की जांच करती टीम। ● अमृत विचार

8:30 बजे मिला प्रवेश

परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी को सुबह 8:30 बजे प्रवेश दिया गया। प्रथम प्रश्न पत्र की बुकलेट 8:45 बजे अभ्यार्थियों को दी गई। इसी के साथ प्रथम पश्न पत्र की बुकलेट ठीक नौ बजे खोली गई। जिसके बाद अभ्यार्थियों ने अपना पेपर करना शुरू किया। शासन की ओर से निर्धारित किए गए समय के आधार पर 12 बजे पेपर छोड़ दिया गया। वहीं, द्वितीय पाली में प्रश्न पत्र की बुकलेट 1:45 बजे दी गई।

परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई है। सचल दल को कहीं भी नकल नहीं मिली। दोनों पालियों में 93 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे हैं। फिलहाल, किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। – डॉ. दुष्यत कुमार, प्राचार्य उपाधि महाविद्यालय

बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर कई दिनों से तैयारी कर रहे थे। जितनी तैयारी की थी, लगभग उसी हिसाब से पेपर आया है। इसमें कठिन या सरल की बात नहीं कही जा सकती। जिसने भी पढ़ाई की होगी उसने आसानी से पेपर हल किया है। इंग्लिश की तुलना करंट अफेयर कठिन रहे।

– केशव कुमार, पूरनपुर

इंग्लिश के सवाल तो लगभग ठीक थे, लेकिन जीएस के सवाल थोड़े से कठिन आए थे। हालांकि दिक्कत कम हुई। पेपर काफी ठीक हुआ है। करंट अफेयर के साथ-साथ और भी चीज पूछ ली गई थी। बाकी इंग्लिश, हिंदी के प्रश्न सरल आए थे।

– सलोनी, न्यूरिया

इस बार बीएड का पेपर ठीक बनाया गया था। पेपर में ज्यादातर राजनीति, सामान्य ज्ञान और करेंटस अफेयर से जुड़े सवाल पूछे गए थे। सभी के जवाब देकर आए है। इंग्लिश और राजनीति के प्रश्न उलझाए रहे।

– आयुष गंगवार, बीसलपुर

परीक्षा केंद्र के बाहर परीक्षा छूटने का इंतजार करते अभिभावक। ● अमृत विचार

पढ़ाई में जुटे रहे अभ्यर्थी

बीएड की परीक्षा के दौरान पहली पाली के बाद अभ्यर्थियों को दो घंटे का विराम मिला तो वह किताबें खोल कर पढ़ाई में जुट गए। दोनों पालियों की परीक्षा में इस बार एक भी नकलची नहीं दबोचा गया। इधर, शाम को जैसे ही परीक्षा खत्म हुई तो सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी मेन गेट से बाहर निकले। सड़क पर अभ्यर्थियों की भीड़ होने से गाड़ियों का आवागमन बाधित हो गया और कुछ देर के लिए मार्ग जाम हो गया। बाद में जैसे ही भीड़ छटी तो जाम खुल गया।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरैपी हकलाना/तुतलाना आटिस्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। फोन : 0581-2526011, 2526012
द्वारा
नि:शुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर
दिनांक : 12 जून 2024, बुधवार समय-प्रातः 9:30 से 1:00 बजे तक
- आँखों के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
- मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
- यदि मोतियाबिन्द निकलता है तब ऑपरेशन रोहिलखंड हॉस्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा घर पर बता कर आयें।
- मोतियाबिन्द के मरीज घर से पहचान पत्र, राशन कार्ड या आधार कार्ड में से कोई एक डॉक्यूमेंट अवश्य लायें।
- दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त।
नोट
निशक्त जन सेवा संस्थान अगले माह फ्री बाटेगा कान की मशीनें जल्दी से कराएं अपना रजिस्ट्रेशन
रजिस्ट्रेशन के लिए अपना आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र और अपना फोटो संस्थान के अनिल कमल (फोन 9897895585) निकट थाना सुनगढ़ी पीलीभीत के पास जमा कराके रजिस्ट्रेशन करा लें। अधिक जानकारी के लिए कॉल करें-9897855607
शिविर स्थान
अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत
सौजन्य से : ● स्वामी प्रवक्ता नन्द, विधायक 128-बरखेड़ा, विधान सभा, पीलीभीत
● ● सभ्यता वर्मा, ब्लॉक प्रमुख, मरौरी ● डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता एम.एल.सी. पुवायाँ
नि:शक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो. नं. 8534088093

जेईई एडवांस में चमकी पीलीभीत की मेधा, छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में दाखिले के लिए देश की प्रतिष्ठित जेईई एडवांस का रिजल्ट रविवार को जारी हो गया। यह परीक्षा 26 जून को कराई गई थी। इसमें जिले की प्रतिभाओं ने भी जोरदार प्रदर्शन किया। कई छात्रों ने अच्छी रैंक हासिल की। उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं का कहना है कि वह लंबे समय से इसकी तैयारी कर रहे थे। कोई सेल्फी स्टडी कर रहा था तो कोई ऑनलाइन कोचिंग कर रहा था। जिसके आधार पर उन्हें सफलता मिली है। परीक्षा के आधार पर उन्होंने अपने लिए आईआईटी में अपनी सीट पक्की कर ली है। बच्चों की कामयाबी पर परिवार वालों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

अपने परिवार के साथ झलक। ● अमृत विचार

पीलीभीत, अमृत विचार: सदर तहसील में तैनात लेखपाल महेश चंद्र की बेटी झलक ने वर्ष 2023 में शहर के ही लाइंस स्कूल से इंटर की परीक्षा पहले स्थान से पास की थी। इसके बाद उन्होंने जेईई एडवांस की तैयारी शुरू कर दी थी। परिणाम जारी हुआ तो वह खुशी से उछल पड़ी। उनको 1190 रैंक मिली है। उनका कहना है कि आईआईटी के बाद वह आईएएस की तैयारी करेंगी।

सामर्थ ने पाई 6486 रैंक

शहर की गोदावरी स्टेट कॉलोनी के रहने वाले प्रवीण कुमार अग्रवाल के बेटे सामर्थ अग्रवाल ने जेईई एडवास की ओर से जारी किए गए परिणाम में 6486 रैंक हासिल की है। सामर्थ के पिता बिजनेसमैन है, जबकि मां रीना अग्रवाल गृहणी है। बेटे की इस कामयाबी पर परिवार वालों में उत्साह है। सामर्थ ने बताया कि उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बेनहर स्कूल से की थी। वर्ष 2023 में 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। पिछले साल एडवांस का रिजल्ट आने के बाद से तैयारी करने में जुटे हुए थे। तैयारी करने के लिए फिजिक्स वाला से ऑनलाइन कोचिंग ले रहे थे। इस की तैयारी के लिए 12 से 13 घंटे पढ़ाई का शेड्यूल रहता था। अब काउंसलिंग में बैठकर कॉलेज देखेंगे।

अमोघ ने हासिल की 2301 रैंक

शहर के तिरुपति गोल्डन पार्क के रहने वाले अमोघ के पिता ओमचंद्र माथुर बैंक में क्लर्क हैं। उनकी मां संजना माथुर गृहणी है। अमोघ ने जेईई एडवांस में सामान्य वर्ग में 2301 रैंक हासिल की है। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा बेनहर पब्लिक स्कूल से ग्रहण की। इससे पहले उन्हें जेईई मेंस में 99.642 परसेंटाइल मिली थी। बताया कि वह 11वीं कक्षा से इसकी तैयारी में जुटे हुए थे। जेईई मेंस के बाद से वह यूट्यूब पर कंपटीशन की वीडियो और कंपटीशन कोचिंग फिजिक्स वाला से ऑनलाइन क्लास ले रहे थे। परीक्षा नजदीक आने के बाद वह तीन माह के लिए जयपुर चले गए। वहां रहकर कोचिंग की और सफलता हासिल की है।

ओम रितेश ने प्राप्त की 21770 रैंक

शहर के मोहल्ला बागगुलशेर खां के ओम रितेश गुप्ता ने जेईई एडवास में जरनल में 21770 रैंक प्राप्त की है। उनके पिता का स्वर्गवास हो चुका है। मां संध्या गुप्ता गृहणी है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बेनहर कॉलेज से पूरी की है। इस साल ही 12वीं की कक्षा उत्तीर्ण की है। इसके बाद वह जेईई एडवास की तैयारी में जुट गए थे। बताया कि वह आगे फिर से तैयारी करेंगे। जेईई एडवास में उन्होंने आनलाइन कोचिंग लेकर पढ़ाई कर रहे थे। शेड्यूल बनाया हुआ था। आगे के लिए और तैयारी करेंगे। ताकि इससे भी बेहतर रैंक मिल सके।

2593 रैंक पाकर अतिन ने नाम रोशन किया

बीसलपुर के मुहल्ला बख्तावर लाल के अरुण सक्सेना व रंजना सक्सेना के पुत्र अतिन सहाय ने सामान्य ईडब्ल्यूएस वर्ग में 2593 रैंक हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। अतिन सहाय ने दो वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद यह मुकाम हासिल किया है। अतिन के पिता व्यवसायी हैं व माता सदर तहसील में तैनात हैं। अतित ने हाईस्कूल शहर के बेनहर पब्लिक स्कूल व इंटरमीडिएट बीसलपुर के कैम स्कालर्स स्कूल से उत्तीर्ण किया। उन्होंने बताया कि गत वर्ष इंटरमीडिएट के साथ ही उन्होंने जेईई परीक्षा में सहभागिता की थी, जिसमें उन्हें 96 परसेंटाइल स्कोर प्राप्त हुआ था। उन्हें एनआईटी में प्रवेश का अवसर मिला, लेकिन आईआईटी में प्रवेश प्राप्त करने के लिए एक वर्ष और तैयारी का निर्णय लिया। उन्होंने घर रहकर पूरे वर्ष खुद तैयारी की। इस दौरान उन्होंने किसी कोचिंग का सहारा नहीं लिया। बीते वर्ष भी ऑनलाइन माध्यम से ही तैयारी की थी। पिछले कई वर्षों के प्रश्नों को हल करने में अधिक से अधिक समय व्यतीत किया। बदले हुए सिलेबस के अनुसार तैयार की। अतिन की कामयाबी पर परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

शादी का दबाव बनाने का विरोध करने पर पीटा

पूरनपुर, अमृत विचार: एकतरफा प्यार में एक शोहदे ने पहले घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ की। उससे शादी करने का दबाव बनाया गया। जब विरोध किया तो युवती व उसके परिजन की पिटाई कर दी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नगर की एक महिला ने बताया कि 31 मई को उनकी पुत्री घर पर थी। इस दौरान पड़ोसी कुलदीप दीक्षित घर में घुस आया और अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की। जबरन शादी करने का दबाव बनाया। शोर मचाने पर युवती की मां और दादी पहुंच गई। उन्होंने युवक का विरोध किया तो गाली गलौज करने लगा। मारपीट भी की गई। आरोपी के परिवार की दो महिलाएं भी आ गई और उन्होंने भी मारपीट की। पुलिस ने मामले में कुलदीप दीक्षित, उसकी मां गीता दीक्षित और प्राची दीक्षित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गोविंद हत्याकांडः परिजनों का फूटा गुस्सा, शव रखकर लगाया जाम

लूट की धारा बढ़ाने, निरीक्षक और दरोगा को निलंबित करने की मांग पर अड़े, अधिकारियों से हुई नोकझोंक, मांग पूरी होने पर हटे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : मदनापुर थाना क्षेत्र में गोविंद की हत्या कर बाइक लूट ले जाने के मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर में लूट की धारा नहीं लिखने पर परिवार वालों और गांव वालों ने शव का पोस्टमार्टम होने के बाद खिरनीबाग चौराहे पर वाहन में शव रखकर दो घंटे तक जाम लगाया। हत्या में लूट की धारा बढ़ाने और प्रभारी निरीक्षक को निलंबित करने पर अड़ गए। एसपी अशोक कुमार मीणा ने मदनापुर प्रभारी निरीक्षक तथा दरोगा को निलंबित कर दिया।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव चित्ती निवासी विश्राम का पुत्र गोविंद(22) शनिवार को मदनापुर में बाइक की किश्त जमा करने गया था। वह शाम पांच बजे बाइक से गांव लौट रहा था। रास्ते में दो युवकों ने उसे रोका और चित्ती गांव से पहले छोड़ने के लिए कहा था। दोनों अज्ञात उसकी बाइक पर बैठ गए। रास्ते में गोविंद की गोली मारकर हत्या कर बाइक लूटकर ले गए थे। मृतक के पिता विश्राम ने मदनापुर थाने पर तहरीर दी थी। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। लेकिन रिपोर्ट में बाइक लूट की रिपोर्ट नहीं लिखी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के परिवार वालों ने प्रधान धर्मेंद्र सिंह से कहा कि पुलिस ने बाइक लूट की धारा नहीं लिखी। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार तथा हल्का दरोगा सत्यवीर सिंह पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिवार वाले वाहन से उसका शव लेकर शाम साढ़े चार बजे खिरनीबाग पहुंच गए। महिलाओं, परिवार तथा गांव वालों ने वाहन में शव रखकर चौराहे पर जाम लगा दिया। इस दौरान मदनापुर थाना प्रभारी तथा दरोगा के खिलाफ नारेबाजी की। जाम को लेकर एएसपी सिटी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट परवेंद्र कुमार, सीओ सिटी सौम्या पांडे, सीओ सदर अमित चौरसिया तथा कई थानों का पुलिस फोर्स पहुंच गया।

एएसपी सिटी व नगर मजिस्ट्रेट ने प्रधान धर्मेंद्र तथा मृतक के पिता विश्राम को समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिवार वालों की मांग थी कि थाना प्रभारी अश्वनी कुमार तथा हल्का दरोगा सत्यवीर को निलंबित कर लूट की धारा बढ़ाई जाए। इस मांग को लेकर काफी देर तक पुलिस अधिकारियों से नोकझोंक हुई है। दो घंटे बाद प्रधान तथा परिवार वालों की दोनों मांगों को मान लिया। एसपी अशोक कुमार मीणा ने लापरवाही बरतने पर दोनों को निलंबित कर दिया और लूट की धारा बढ़वा दी।

> मदनापुर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार तथा हलका का दरोगा सत्यवीर को लूट की धारा न लिखने आदि लापरवाही में निलंबित कर दिया गया है। घटना के खुलासे के लिए टीमें लगाई गई है। घटना का शीघ्र खुलासा होगा।
> – **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

खिरनी बाग चौराहे पर बिलख रही महिलाएं जमीन पर लेट गईं, एक महिला को ढांढ़स बंधाती रिश्तेदार। ● अमृत विचार

महिला इंस्पेक्टर से लिपटकर रोती परिवार की महिला।

पहले थाना प्रभारी और दरोगा को किया था लाइन हाजिर

एसपी ने थाना प्रभारी अश्वनी कुमार तथा दरोगा सत्यवीर को लाइन हाजिर किया। लेकिन मृतक के परिवार वाले तथा प्रधान इस बात से अड़े थे कि दोनों को निलंबित किया। सीओ सदर अमित चौरसिया ने व्हाटसएप पर प्रधान को दिखाया कि दोनों कर्मचारी लाइन हाजिर हो गए और लूट की धारा बढ़ा दी गई है। लेकिन परिजनों का कहना था कि जब तक दोनों निलंबित नहीं हो जाएंगे, शव रखकर जाम लगाए रहेंगे, चाहे दो दिन बैठना पड़ा। मामला तूल पकड़ने पर एक घंटे बाद एसपी ने दोनों कर्मचारियों को निलंबित कर दिया।

चौराहे पर लेट गईं महिलाएं

खिरनीबाग चौराहे पर महिलाएं सड़क पर लेट गई तो कुछ गश खाकर गिर गई। महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल था। महिला सिपाही ने महिलाओं को बार-बार उठाने का प्रयास किया लेकिन वह सड़क पर लेटी रही। मृतक की एक बहन रोते-रोते बेहोश हो गई। महिला सिपाहियों ने उसे उठाया और पानी पिलाकर साइड बैठाया। इधर अंटा चौराहा, इस्लामिया इंटर कॉलेज तथा पीडब्लू तिराहे से वाहनों डायवर्जन कर दिया गया।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने समझाया

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह खिरनीबाग जाम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने प्रधान धर्मेंद्र सिंह तथा मृतक के पिता विश्राम से बात की। एसपी से फोन पर बात की।

भिंडरावाला का पोस्टर लगाने पर 53 लोगों पर एफआईआर

संवाददाता, पूरनपुर

- एक बार हटवाने के बाद दोबारा गुरुद्वारा परिसर में लगा दिया था पोस्टर, 13 लोग नामजद

अमृत विचारः अमृत विचारः रूरिया गुरुद्वारा परिसर में दोबारा भिंडरा वाला का पोस्टर लगाने के मामले में पुलिस प्रशासन सख्त हुआ है। पोस्टर हटवाने के बाद 13 नामजद समेत 53 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

घटना पूरनपुर क्षेत्र की है। बीते दिनों रुरिया गुरुद्वारा के बाहर जरनैल सिंह भिंडरावाला का पोस्टर लगाने की शिकायत मिलने पर पुलिस प्रशासनिक अफसर पहुंचे और हटाने के लिए कहा था। कमेटी ने बैठक कर पोस्टर न हटाने का निर्णय लिया। इस पर पूर्व में तीन के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई। फिर अचानक गुरुद्वारा के बाहर से पोस्टर हट गया। इस पर सिख समाज ने नाराजगी जताई। इसके बाद तीन दिन पहले दोबारा कमेटी ने इसी स्थान पर नया पोस्टर लगा दिया। जिसे एसडीएम राजेश शुक्ला ने वार्ता करके हटवाया था। फिर शनिवार को हटाया पोस्टर गुरुद्वारा परिसर में लगा दिया था। हालांकि अफसरों के पहुंचने पर वार्ता के बाद उसे उतार लिया। अब मामले में दोबारा पोस्टर लगाने पर दरोगा प्रदीप कुमार की ओर से 53 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमे 13 नामजद और 43 अज्ञात में आरोपी बनाए है। आरोपियों में उत्तराखंड के उधमसिंह नगर के किच्छा का सुखविंदर सिंह औलख, इंद्रजीत कौर खालसा, रंपुरा कोन के बहादुर सिंह, न्यूरिया का गगनदीप कौर, गांव मुजफ्फरनगर नौगवां के बलजिंदर सिंह, शाहजहांपुर के खुटार के गांव पुनोटी के हरदीप सिंह, ललौरीखेड़ा के गांव खरुआ के देवेश कुमार, उत्तराखंड हल्द्वानी के चांदनी चौक निवासी होम बहादुर सिंह, गांव दुधियाखुर्द बालामनी के खजान सिंह, पूरनपुर के मोहल्ला बमनपुरी के कुलवंत सिंह, हल्द्वानी वाले कमेटी अध्यक्ष अमरीक सिंह, पंजाब के लुधियाना के गालिव खुर्द उगराव के तेजेंद्र सिंह को आरोपी बनाया गई। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बिक्री को जा रहा आंगनबाड़ी केंद्र का रिफाइंड पकड़ा

संवाददाता, ककराला

अमृत विचार : जिले में संचालित आंगनबाड़ी सेंटरों का पोषाहार और रिफाइंड की कालाबाजारी जमकर हो रही है। रविवार को बिक्री के लिए ई-रिक्शा पर दो बोरियों में जा रहे रिफाइंड को कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज के ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ई-रिक्शा घिरता देख आंगनबाड़ी कार्यकत्री कूद कर भाग गई। ग्रामीणों ने पीछा भी किया, लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ी। पकड़े गए ई-रिक्शा चालक ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री का नाम पुलिस को बताया है। ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंची सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री के खिलाफ थाना कादरचौक में शिकायती पत्र दिया है।

मामला विकास क्षेत्र कादरचौक क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज का है। रविवार दोपहर एक ई-रिक्शा चालक दो बोरियों में बाल पुष्टाहार के अंतर्गत बंटने वाले रिफाइंड के पाउच ले जा रहा था। ग्रामीणों को जानकारी हुई तो उन्होंने सोत नदी के पुल पर ई-रिक्शा रुकवा लिया। ग्रामीणों को देखते ही आंगनबाड़ी कार्यकत्री ई-रिक्शा से कूदकर भाग गई। इसके बाद लोगों ने ई-रिक्शा पकड़ लिया। तलाशी लेने पर ई-रिक्शा में दो बोरियों में एक एक लीटर के रिफाइंड के पाउच मिले। पकड़े गए ई-रिक्शा चालक ने बताया कि उसका नाम मोहम्मद नाजिम है और वह ककराला कस्बे के निवासी है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री उसे किराये पर लेकर आई थी। ग्रामीणों ने ई-रिक्शा चालक को पकड़कर मोहम्मदगंज चौकी पुलिस के हवाले कर दिया और सुपरवाइजर को सूचना दी। बाद में सीडीपीओ विशेष शर्मा भी पहुंच गए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री के खिलाफ शिकायती पत्र देकर डीपीओ को अवगत करा दिया है।

ग्रामीणों ने पकड़े रिफाइंड के पाउच।

- जानकारी मिलने पर मोहम्मदगंज के ग्रामीणों ने ई-रिक्शा को पकड़ लिया

सुपरवाइजर ने किया छुड़ाने का प्रयास

ग्रामीणों ने बताया कि सूचना पर पहुंचे सुपरवाइजर ने दबाव बनाते हुए ई-रिक्शा चालक और रिफाइंड छोड़ने का दवाब बनाया। तमाम धमकियां दीं, लेकिन जब गांव के लोग नहीं माने तो सुपरवाइजर भी शांत हो गए। इस दौरान सुपरवाइजर को ग्रामीणों की गुस्से का सामना भी करना पड़ा। चौकी इंचार्ज मोहम्मदगंज वारिस खान ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। उसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पशुओं की सेहत सुधार रहा पोषाहार

लोगों ने बताया कि आंगनबाड़ी सेंटरों पर पोषाहार और रिफाइंड किशोरियों, गर्भवती, धात्री और बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए दिया जाता है, लेकिन जिले में अधिकांश आंगनबाड़ी सेंटरों पर पोषाहार और रिफाइंड की कालाबाजारी हो रही है। बताया कि कई आंगनबाड़ी कार्यकत्री पशु पालकों को पोषाहार बेच देती हैं। पोषाहार से पशुओं के दूध देने की क्षमता में वृद्धि होती है। इसकी शिकायतें कई बार अधिकारियों से की जा चुकी हैं, लेकिन ध्यान नहीं दिया जाता है।

> शिकायत मिलने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के खिलाफ तहरीर दे दी गई है। घटना से डीपीओ को भी अवगत कराया जा चुका है। जांच के बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी। – **विशेष शर्मा**, सीडीपीओ

सेमरखेडा में बाघ ने गन्ने के खेत में जमाया डेरा, दहशत

बरखेड़ा, अमृत विचारः मरौरी ब्लाक क्षेत्र के गांव सेमरखेडा में गन्ने के खेत में बाघ के पगमार्क देखे जाने के बाद से हड़कंप मचा है। गांव वालों का आरोप है कि बाघ बीते तीन दिनों से एक गन्ने के खेत में डेरा जमाया हुआ है। सूचना देने के बाद वन कर्मी आते हैं और निगरानी करने के बजाय कुछ देर बैठकर वापस लौट जाते हैं। इससे गांव वालों में दहशत है।

ग्रामीणों के मुताबिक गांव सेमरखेडा में तीन दिन से बाघ की दहशत बनी है। रविवार को गन्ने की गुड़ाई करने के दौरान जब उनको बाघ दिखाई दियातो इसकी सूचना कुछ ही देर में पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते तमाम ग्रामीण खेत पर पहुंच गए। बाघ होने की सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची, लेकिन घेराबंदी करने के बजाय सिर्फ बैठी रही। ग्रामीणों का आरोप है कि निगरानी में लगी टीम की खानापूरी के चलते कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

आम का लालच देकर बच्ची को बाग में ले जाकर छेड़ा, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, जहानाबाद

अमृत विचारः दस साल की बच्ची को आम देने का लालच देकर एक शोहदा बाग में ले गया। वहां पर बच्ची से अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की गई। इसके बाद धमकी देकर भगा दिया। आरोप है कि घटना का पता लगने के बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपी को पकड़कर बांधकर जमकर पिटाई लगाई। जिसके फोटो भी वायरल हुए है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

- गुस्साए लोगों ने आरोपी को बांधकर की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

जहानाबाद थाने में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उसके गांव में ही एक बाग है। जिसमें मोहल्ला बिलई का रहने वाला करीम रखवाली करता है। आठ जून को उसकी एक लाइट पीड़ित के घर पर चार्जिंग पर लगी हुई थी। शाम करीब साढ़े पांच बजे वह चार्जिंग पर लगी लाइट लेने के लिए पहुंचा। दस वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी।

आरोपी पुत्री को आम का लालच देकर बाग में ले गया और अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की। पुत्री के शोर मचाने पर डरा धमकाकर भगा दिया। पुत्री रोते हुए घर पहुंची और घटना बताई। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई।

उधर, सोशल मीडिया पर आरोपी की बांधकर पिटाई करने के फोटो-वीडियो वायरल हो गए। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि मामले में पिता से मिली तहरीर पर छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी करीम के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

छेड़छाड़ का आरोपी भेजा जेल

बरखेड़ा, अमृत विचार : आठ साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने के आरोपी को पुलिस ने दूसरे दिन चालान कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। घटना शनिवार शाम को हुई थी। क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी आठ वर्षीय पुत्री और दस वर्षीय पुत्र गांव के बाहर आम तोड़ रहे थे। इस बीच गांव का रामदास नशे की हालत में मौजूद था। उसने बेटे को पानी लेने के लिए भेज दिया और आठ साल की बच्ची को खेत में लेजाकर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट करते हुए गला दबाकर जान लेने की कोशिश की थी। ग्रामीणों की मदद से आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि जानलेवा हमला, छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी को रविवार को जेल भेज दिया है।

आईजी के आदेश पर सामूहिक दुष्कर्म और धमकाने की रिपोर्ट

संवाददाता, जहानाबाद

- पीड़िता से अभी भी बनाया जा रहा जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दबाव

अमृत विचारः आईजी के निर्देश पर थाना पुलिस ने क्षेत्र की एक युवती की ओर से सामूहिक दुष्कर्म और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें गांव के ही रवि, जीत सिंह और महेश को आरोपी बनाया है।

जहानाबाद थाने में दर्ज की गई रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले आरोपी रवि घर आया और ये कहकर बुला ले गया कि माता की तबीयत खराब है, वो बुला रही है। चूंकि घर आना-जाना था तो वह चली गई। वहां पर अन्य दो आरोपी पहले से मौजूद थे। परिवार का अन्य कोई सदस्य मौजूद नहीं था। रवि ने घर का दरवाजा बंद कर लिया और तीनों ने जबरन दुष्कर्म किया। आपत्तिजनक फोटो भी खींच लिए। धमकी दी गई कि अगर किसी को बताया तो वह फोटो वायरल कर देंगे। परिवार को भी जान से मार देंगे। इस बीच पीड़िता की शादी हो गई और वह ससुराल चली गई।अब आरोपी फिर से ब्लैकमेल कर जबरन शारीरिक संबंध का दबाव बना रहे हैं। ऐसा न करने पर पति के मोबाइल पर फोटो भेजने की धमकी दे रहे हैं। जहानाबाद थाने में कई बार शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नही हुई। जिसके बाद आईजी से गुहार लगाई। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

हमलावर हो रहे छुट्टा पशु, दो किसानों को किया घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- फसल की रखवाली करने के लिए गए थे दोनों किसान
- दोनों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

अमृत विचार : शासन और जिला प्रशासन भले ही छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में भेजने का दावा कर रहे हो, लेकिन यहां हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। छुट्टा पशु किसानों के लिए आफत बन गए हैं।

शनिवार की शाम फसल की रखवाली करने के लिए गए दो किसानों पर छुट्टा पशुओं ने हमला कर दिया, जिससे दोनों किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। इधर, इस घटना से आक्रोशित किसानों ने शासन से छुट्टा पशुओं के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के ग्राम सिताब नगर के रहने वाले 65 वर्षीय राजेश्वर सिंह शनिवार की शाम को अपने खेत में बने टयूवबैल पर गए थे। वहां एक सांड मक्का की फसल को नष्ट कर रहा था। भगाने का प्रयास करने पर सांड ने राजेश्वर सिंह पर हमला कर दिया। सांड ने राजेश्वर को उठाकर जमीन पर पटक दिया। एक सींग उनके पेट में घुस गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग दौड़कर पहुंचे और राजेश्वर को बचाया। इसके बाद सभी खून से लथपथ घायल को लेकर घर पहुंचे। वहां से उन्हें जिला अस्पताल लेकर परिजन पहुंचे। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

सांड के हमले में घायल बनवारी लाल।

सांड के हमले में घायल राजेश्वर सिंह।

कादरचौक में सांड के हमले से किसान घायल

कादरचौक के ग्राम पालनगर निवासी 70 वर्षीय बनवारी लाला तीन दिन पूर्व रात में अपने खेत पर मक्के की रखवाली करने गए थे। वहां सांड उनकी मक्का की फसल नष्ट कर रहा था। बनवारी ने उसे भगाने का प्रयास किया, तो हमला कर दिया। सांड ने बनवारी को सींगों से उठाकर कई बार जमीन पर पटका। उनके खेत के आसपास कोई व्यक्ति नहीं था। ऐसे में गंभीर रूप से घायल बनवारी लाल पूरी रात खेत पर बेहोश पड़े रहे। दूसरे दिन खेत पर पहुंचे परिजनों ने उनकी हालत देखी और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पशुओं के हमले से कई लोग हो चुके हैं घायल

कुछ दिन पूर्व थाना अलापुर क्षेत्र के ग्राम उदमई निवासी ग्रामीण पर एक सांड ने फसल की रखवाली करते समय हमला कर दिया था। उन्हे भी गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस तरह कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। किसान हिंसक सांडों से बचने को चार पांच लोग एकत्र होकर खेतों पर जाते हैं जिससे सांड हमला न कर सकें। किसानों का कहना है कि गोवंश हमला नहीं करते हैं जबकि सांड किसानों को देखते ही हमलावर हो जाते हैं। इसलिए अब किसानों में भय बना हुआ है।

सामूहिक विवाह में लिए सात फेरे, फिर मांगा दहेज

संवाददाता, दियोरियाकलां

- बाइक और एक लाख न मिलने पर विवाहिता को किया बेघर
- पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचारः सामूहिक विवाह समारोह में पवित्र अग्नि के सात फेरे लेकर खुशहाल गृहस्थी के वादे किए। मगर कुछ दिन बाद ही दहेज में बाइक और एक लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। इसके पूरा न होने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी सामूहिक विवाह समारोह में करीब छह माह पूर्व बरखेड़ा कस्बा के एक युवक से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद पति, ससुर,जेठ, जेठानी,देवर दहेज में बाइक और एक लाख रुपये की मांग करने लगे। साफ कहा कि अगर घर में रहना है तो दहेज की मांग पूरी करनी होगी। जब परिवार की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए असमर्थता जताई को आरोपियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। जेठ पर छेड़छाड़ करने के भी आरोप लगाए। कोतवाल उमेश सोलंकी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

नियमों के उल्लंघन पर एआरटीओ सख्त चार वाहन सीज किए

पीलीभीत, अमृत विचारः उप संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने चेकिंग अभियान में सात वाहनों पर शिकंजा कसा है। पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग पर चेकिंग के एआरटीओ के मुताबिक मोटर यान अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों का चालान और चार वाहनों को सीज किया गया है। सीज किए गए वाहनों में से दो वाहन गढ़वाखेड़ा पुलिस चौकी, एक वाहन पूरनपुर चीनी मिल पुलिस चौकी और एक वाहन थाना गजरौला में खड़ा करा दिया गया। सभी वाहनों से चार लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। कहा कि ओवरलोडिंग के खिलाफ परिवहन विभाग का चेकिंग अभियान अभी जारी रहेगा।

एडीजी साहब! आपके अभियान में पिछड़ गई पीलीभीत पुलिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 51 में पकड़े गए सिर्फ तीन वांछित अभियुक्त, वारंटी शून्य

अमृत विचारः वांछित अभियुक्तों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए एडीजी बरेली जोन पीसी मीना की ओर से चलाए गए अभियान में पीलीभीत पुलिस पिछड़ गई। वारंटी की गिरफ्तारी शून्य रही जबकि वांछित भी सिर्फ तीन पकड़े जा सके। इस पर एडीजी ने पुलिस अधिकारियों को व्यक्तिगत रूचि लेते हुए अभियान चलाकर बेहतर कार्रवाई कराकर गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिए हैं।

एडीजी बरेली जोन की ओर से आठ जून को वांछित अभियुक्त और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया था। जिसमें समस्त जनपदों के पुलिस अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। मगर पीलीभीत पुलिस इस अभियान में पिछड़ गई। एडीजी पीआरओ की ओर से जारी किए गए प्रेस नोट के अनुसार पीलीभीत में आठ तक गिरफ्तारी के लिए शेष वांछित अभियुक्तों की संख्या 51 थी, जिसमें से सिर्फ तीन की गिरफ्तारी की जा सकी। जबकि बरेली ने 68 में 36, बदायूं ने 34 में 6, शाहजहांपुर ने 18 में 06 वांछित, 34 वारंटी पकड़े। मुरादाबाद पुलिस ने 31 में चार 31 वांछित, 15 वारंटी, बिजनौर पुलिस ने 38 में 10 वांछित, रामपुर ने 36 में 5, अमरोहा ने 37 में 11, संभल पुलिस ने 45 में 5 वांछितों की धरपकड़ की।

मोबाइल से निकला धुआं, धमाके के साथ उड़े परखच्चे

खुटार (शाहजहांपुर)। नगर के मोहल्ला सरोजनीनगर निवासी पप्पू गौतम ने बताया कि शनिवार को उसने घर में मोबाइल चार्जिंग पर लगाया था। चार्ज होने के बाद शाम करीब छह बजे नेट खोलकर फेसबुक चलाने लगा। अचानक मोबाइल से धुआं निकलना शुरू हो गया। अनहोनी के डर से मोबाइल को दूर फेंक दिया। जमीन पर गिरते ही उसमें तेज धमाका हुआ और उसके परखच्चे उड़ गए। इससे घर में मौजूद सदस्य घबरा गए। मोबाइल फटने की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ लग गई। पप्पू गौतम ने बताया कि अगर मोबाइल हाथ में पकड़े रहता तो कुछ भी हो सकता था। मोबाइल की कीमत करीब 18 हजार रुपये थी। मोबाइल दुकानदारों ने बताया कि मोबाइल ज्यादा देर तक न लगाएं रखें। बैटरी चार्ज होने के बाद मोबाइल निकाल लें। अधिक समय तक न चलाएं। बैटरी खराब होने पर दूसरी डलवाएं।

घर में घुसी बड़ी गोह, घरवालों के होश हुए फाख्ता

संवाददाता, जलालाबाद

- भाजपा नेता गोपाल मोहन द्विवेदी के भतीजे अतुल द्विवेदी के घर में घुसी मॉनिटर लिजार्ड
- एक व्यक्ति ने पकड़कर बोरी में बंद किया, वनकर्मियों ने जंगल में छोड़ा

अमृत विचार : नगर निवासी भाजपा नेता गोपाल मोहन द्विवेदी के भतीजे अतुल द्विवेदी के मकान में छिपकली की तरह दिखने वाला काफी बड़े आकार की जीव घुस जाने से घरवालों के होश फाख्ता हो गए। करीब आधा घंटा लोगों की जान सांसत में रही।एक व्यक्ति ने हिम्मत कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने उसे जंगल में छोड़ दिया।

नगर के मोहल्ला ब्रह्मनान में निवासी अतुल द्विवेदी के ड्राइंग रूम में रविवार दोपहर करीब दो बजे छिपकली जैसा डेढ़ मीटर की लंबाई वाला जीव दिखाई दिया। उस जीव पर अतुल की नजर गई तो उनकी चीख निकल गई। परिवार वालों में चीख-पुकार मचने लगी। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी भी आ गए। चिकनी फर्श पर वह तेजी से नहीं चल पा रहा था। लोगों को देख धीरे-धीरे बाहर की तरफ बढ़ने लगा। उसका मुंह काफी बड़ा और मोटी पूंछ थी। बार-बार मुंह खोलकर जीभ लपलपा रहा था, जिसे देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो रहे थे। उसे पकड़ने और भगाने की कोई हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था।

वन विभाग को सूचना दी। वन कर्मियों के पहुंचने से पहले जीव चबूतरे में लगी रेलिंग से बाहर निकलने के प्रयास में आगे बढ़ा, तभी सड़क पर गिर गया। इस दौरान वहां मौजूद एक व्यक्ति ने हिम्मत कर उसकी पूंछ पकड़कर लटका लिया और बाद में बोरी में बंद कर दिया। तब तक वनकर्मी पहुंच गए और बोरे में बंद जीव को कब्जे में ले लिया। तब लोगों ने राहत की सांस ली।

भाजपा नेता गोपाल मोहन द्विवेदी के भतीजे के घर में घुसी मॉनिटर लिजर्ड।

> कर्मचारियों के जरिये जीव को जंगल में छुड़वा दिया गया है। यह जीव गोह (मॉनिटर लिजर्ड) थी। यह अक्सर जंगल और खेतों आदि में रहती हैं। इसकी दो जीभ होती हैं। मॉनिटर लिजार्ड संरक्षित जीव है।
> – **विशाल रावत**, रेंजर

मेगा ब्लॉक के चलते कई ट्रेनें रहीं निरस्त इंतजार में परेशान होते रहे यात्री

कुछ को रिशेड्यूल किया गया, लखनऊ के साथ आंवला-बिशारतगंज के बीच लिया गया ब्लॉक

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : लखनऊ और आंवला के पास ब्लाक के चलते रविवार को यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गईं। कुछ ट्रेनें निरस्त रहीं तो कई घंटों की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंचीं। गर्मी से बेहाल यात्री ट्रेनों के इंतजार में परेशान होते रहे। स्पेशल ट्रेनें भी समय पर नहीं आईं।

आंवला और बिशारतगंज के बीच पुल पर काम के लिए मेगा ब्लॉक सुबह आठ बजे लिया गया। इस वजह से 04378 बरेली अलीगढ़ पैसेंजर, 04377 अलीगढ़ बरेली पैसेंजर निरस्त रही। 12036 दिल्ली टनकपुर पूर्णागिरी जनशताब्दी 3:30 घंटे रिशेड्यूल की गई, जो पांच घंटे से ज्यादा लेट हो गई। 12035 टनकपुर दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस को 60 मिनट मार्ग में नियंत्रित की गई। 12036 जनशताब्दी एक्सप्रेस और 04365 मुरादाबाद चंदौसी स्पेशल एक से दो घंटे की देरी से आई। 04313 देहरादून स्पेशल, 04067 दिल्ली स्पेशल, (15073) त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत दर्जनभर ट्रेनें कई घंटे लेट रहीं। 04365 बरेली मुरादाबाद मेमू ट्रेन दो घंटा रिशेड्यूल की गई। 04366 मुरादाबाद बरेली मेमू ट्रेन निरस्त रही। इधर, लखनऊ जंक्शन और ऐशबाग-मानकनगर रेल खंड के बीच लाइन पर प्री-नॉन और नॉन इंटरलॉक कार्य की वजह से 22453 लखनऊ जंक्शन-मेरठ सिटी राज्यरानी एक्सप्रेस, मेरठ सिटी से चलने वाली 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ जंक्शन राज्यरानी एक्सप्रेस निरस्त रही। रेल अफसरों के अनुसार 14 जून तक राज्यरानी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में खड़े यात्री। ● अमृत विचार

21 बिंदुओं पर होगी परिषदीय व कस्तूरबा स्कूलों की रैंकिंग

बरेली, अमृत विचार : परिषदीय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका स्कूलों में शिक्षण व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए विभागीय स्तर पर तमाम कवायद की जा रही हैं। इस माह सभी स्कूलों की रैंकिंग के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर आठ पटल और 21 बिंदु निर्धारित किए गए हैं। पारदर्शी प्रणाली के तहत निर्धारित बिंदुओं के आधार सभी स्कूलों की रैंकिंग निर्धारित होगी।

डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में आज आ सकता है फैसला

रामपुर, अमृत विचार : सपा नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक और मामले में शुक्रवार को दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई थी। अब इस मामले में सोमवार को फैसला आ सकता है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में काफी समय से हो रही है।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट व छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इनकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। सपा नेता आजम खां फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। बस्ती निवासी एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराए गए एक मुकदमे में दोनों पक्षों की ओर से शुक्रवार को बहस पूरी कर ली गई थी। कोर्ट अब इस मामले में दस जून को फैसला सुना सकती है। इस मामले में सपा नेता आजम खां, उनके करीबी रह चुके फसाहत अली खां शानू, इमरान, इकराम, शावेज खां, ठेकेदार बरकत अली को आरोपी बनाया गया है।

तलाकशुदा पति-पत्नी का 12 साल बाद फिर हुआ निकाह

संवाददाता, सैदनगर

अमृत विचार : दंपती के बीच 12 साल पहले तलाक हो गया। 12 साल के बाद दोनों एक बार फिर से साथ रहने के लिए तैयार हो गए। इस पर उन्होंने निकाह कर लिया।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के इमरता गांव का था। यहां रहने वाले अफसर अली की शादी 2004 में रामपुर निवासी युवती के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीक रहा मगर बाद में उनके बीच अनबन रहने लगी। बात इतनी बढ़ी कि आठ साल बाद तलाक हो गया। पंचायत में हुए निर्णय के मुताबिक उन्होंने चार बच्चों को भी बांट लिया। इसके बाद महिला अपने दोनों बच्चों के साथ मायके में रहने लगी।

बताते हैं दो दिन पहले दोनों ने फिर से निकाह कर साथ रहने का तय किया। आपसी सहमति के बाद शनिवार देर रात निकाह के बाद महिला फिर से अपने पति के घर आ गई। तलाक के 12 साल बाद हुआ निकाह पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

हेलो, दुष्कर्म में फंसे बेटे को बचाने को 40 हजार रुपये दो

- बिसौली निवासी दो शिक्षकों के पास आए फोन
- पाकिस्तान के किसी शाह आलम के नाम से रजिस्टर्ड निकला नंबर

बिसौली, अमृत विचार : हेलो, मैं इंस्पेक्टर अरुण बोल रहा हूं। तुम्हारा बेटा दुष्कर्म के केस में फंस गया है। बचाना चाहते हो तो 40 हजार रुपये दो। ऐसे फोन बिसौली निवासी दो शिक्षकों के पास आए। परिवार परेशान हो गया। बाद में पता चला कि उनके साथ ठगी की कोशिश की गई थी।

नगर बिसौली निवासी मई बसई स्थित रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज में शिक्षक राकेश कुमार शर्मा का बेटा शास्वत पाठक बैंक मैनेजर है। किसी ने राकेश कुमार को फोन किया। उसकी की डीपी पर पुलिस अधिकारी का फोटो लगा था। उसने राकेश से कहा कि वह इंस्पेक्टर अरुण बोल रहा है। तुम्हारा बेटा दुष्कर्म के केस में फंस गया है। बचाना चाहते हो तो 40 हजार रुपये भेज दो। राकेश डर गए। उनके छोटे भाई राजकुमार शर्मा को जानकारी हुई तो उक्त नंबर पर फोन कर जमकर हड़काया। इसी कस्बा की बद्री प्रसाद कॉलोनी निवासी शिक्षक प्रवीण मिश्रा के पास भी ठग का फोन आया। उनका बेटा उनका बेटा सारांश एमबीबीएस कर रहा है। ठग ने कहा कि तुम्हारा बेटा दुष्कर्म के आरोप में पकड़ा गया है। उसने छोड़ने के लिए रुपयों की मांग की। परिजनों ने नंबर चेक किया तो पाकिस्तान निवासी शाह आलम के नाम पर निकला। पीड़ितों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

प्रेम-प्रसंग में प्रेमी युगल ने खाया जहर, युवती की मौत

बरेली/कैंट, अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के बुखारा निवासी अलाउद्दीन अंसारी की बेटी जैनब (20) का तीन साल से पड़ोस में रहने वाले रेहान सैफी (22) से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक दूसरे से निकाह करना चाहते थे, लेकिन उन दोनों के परिवार वाले इसके लिए राजी नहीं थे।

युवक के परिजनों ने छह माह पहले बदायूं के वजीरगंज क्षेत्र की रहने वाली युवती से उसकी शादी तय कर दी थी। दो जुलाई को उसकी बरात जानी थी। परिजनों के सामने प्रेमी युगल की नहीं चल सकी तो दोनों ने आत्महत्या करने की योजना बना डाली। रविवार सुबह करीब 4:30 बजे युवक ने युवती को अपने घर बुला लिया, जहां दोनों ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। युवती की घर पर ही मौत हो गई, युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। मौके से पुलिस को सल्फास के रैपर बरामद हुए हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत रोंधी, विकास खंड क्यारा, बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पंद्रहवाँ/पंचम राज्य वित्त आयोग/ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत एस.बी.एम. (जी) की प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नवीन निर्माण, नई नाली निर्माण एवं मरम्मत खडंजा नव निर्माण एवं मरम्मत, मिट्टी कार्य ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य, इन्टरलॉकिंग कार्य, फर्नीचर क्रय कार्य, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण, सोलर पैनल क्रय, इन्वर्टर बैटरी क्रय, हैण्डपम्प रिबोर, अनुरक्षण/हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय मरम्मत, ई-रिक्शा क्रय कार्य, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सोकपिट, कम्पोस्ट पिट, वर्मी कम्पोस्ट, आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पंचायत भवन की बाउन्ड्रीवॉल, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कार्य कराये जाने हैं, उक्त कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु इसमें प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेता, बजरी, सरिया, जाली, टाइल्स, इन्टरलॉकिंग ईट, पाइप टोंटी, स्टेशनरी, कम्प्यूटर प्रिंटर, कुर्सी-मेज, सी.सी.टी.वी. कैमरा, दरी, अलमारी, प्रचार-प्रसार बोर्ड व सेनेटाइजर, फागिंग कार्य, सफाई किट व ठेली, स्प्रे मशीन, मास्क क्रय एवं पी.पी. किट, आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु बर्तन एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 14.06.2024 को 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 5:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ग्राम प्रधान सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत अंगूरी ठाकुरान, विकास खंड क्यारा, बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

